


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 11 मई 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 103 | मूल्य - 5 रुपये










जीवेत शरदः शतम

जन जन के लाडले..
कटंगी विधानसभा के विकास पुरुष,
युवा शक्ति के प्रतीक, हम सबके मार्गदर्शक,
लोकप्रिय विधायक

गौरव भैया

आपको जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं..



शुभेच्छु
सुरजीत सिंह ठाकुर
अध्यक्ष कटंगी विकास मंच, कटंगी
एवं समस्त पदाधिकारी जिला बालाघाट



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101


जग प्रेरणा

# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# टिग्गा मोहल्ला शनि मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा शनि जन्मोत्सव..

### 108 दीपों से महाआरती, अभिषेक और विशाल भंडारे का होगा आयोजन..




जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर के पानी टंकी के पास टिग्गा मोहल्ला स्थित शनि मंदिर में 16 मई शनिवार को शनि जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच***

शनि महाराज का विशेष अभिषेक, हवन, महाआरती, भजन संध्या और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनि मंदिर के पुजारी पंडित संजय तिवारी ने बताया कि सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक पंचांग पूजन, मंडल स्थापना एवं गणेश पूजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे से 12 बजे तक विद्वान पुरोहितों द्वारा शनि महाराज का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष अभिषेक होगा। अभिषेक के पश्चात शनि मंदिर स्थित हनुमान जी महाराज एवं भैरव बाबा का विधि-विधान से अभिषेक कर चोला श्रृंगार किया जाएगा। शनि भगवान का गुलाब एवं गेंदे के आकर्षक फूलों के विशेष हारों से भव्य श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से हवन कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि शाम 7 बजे शनि महाराज की 108 दीपो से महाआरती एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद एवं विशाल भंडारे का वितरण किया जाएगा। वहीं रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें महाकौशल क्षेत्र के ख्यातिलब्ध भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर समिति के कृष्णा सोनी और विक्की ठाकुर ने बताया कि शनि जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर को फूलों और आकर्षक रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जाएगा। शनि मंदिर समिति एवं माता महाकाली मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### 50 वर्ष बाद बन रहा दुर्लभ केदार योग..

पंडित संजय तिवारी के अनुसार इस वर्ष की शनि जयंती आध्यात्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत विशेष मानी जा रही है। 16 मई, शनिवार को ग्रहों की विशेष स्थिति के कारण दुर्लभ केदार योग का निर्माण हो रहा है, जो लगभग 50 वर्षों बाद बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब कुंडली के सात घरों में सभी सात ग्रह स्थित होते हैं, तब केदार योग बनता है। उन्होंने बताया कि शनि जयंती पर शनिश्चरी अमावस्या का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है, जिससे यह दिन शनि पूजा, साढ़ेसाती और ढैय्या से राहत तथा दान-पुण्य के लिए अत्यंत फलदायी माना जा रहा है। इसके साथ ही इस दिन सौभाग्य और शोभन योग का विशेष संयोग भी रहेगा।

# नवागत पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने ली जिले की पहली क्राइम मीटिंग..

### अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश..





जगप्रेरणा सिवनी।

आज 10.05.2026 को नवागत पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी द्वारा जिला पुलिस कंट्रोल रूम में पदभार ग्रहण करने के उपरांत पहली अपराध समीक्षा बैठक (क्राइम मीटिंग) आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा अन्य पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए जिले की कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ सुना जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में त्वरित एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। साथ ही जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित अपराधों, शिकायतों एवं विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने लंबित समंस एवं वारंटों की तामीली में तेजी लाने तथा गुमशुदा बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। महिला संबंधी अपराधों के मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक मामले की जांच गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ की जाए।

बैठक में जिले में संचालित अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु भी कड़े निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री, अवैध शराब, जुआ-सट्टा, गौवंश तस्करी तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त शासन द्वारा संचालित विभिन्न अभियानों एवं योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करना एवं पुलिस के प्रति विश्वास को मजबूत करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं सूबेदार उपस्थित रहे।

# जनगणना कार्य निरीक्षण हेतु भोपाल से सिवनी पहुंची जांच टीम



जगप्रेरणा सिवनी।

आज दिनांक 10 मई 2026 को नगरीय क्षेत्र में जनगणना कार्य निरीक्षण हेतु भोपाल से जांच टीम सिवनी पहुंची जांच टीम के अधिकारियों द्वारा नगर के बुधवारी क्षेत्र के एचएलबी क्रमांक 85, 86 एवं टैगोर वार्ड एचएलबी क्रमांक 46 में जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच टीम के अधिकारियों द्वारा जनगणना का संपूर्ण कार्य नियम अनुसार करने एवं सुपरवाईजर को मकानों का डेटा **HLO App** पर सही तरीके से अपलोड किये जाने हेतु निर्देश दिये गये । भोपाल जांच टीम के साथ एडीएम मैडम सुश्री सुनिता खंडाईत, जिला योजना अधिकारी श्री मरावी, नगर पालिका सीएमओ विशाल सिंह मस्कोले, उपयंत्री विकास मेहरा, फील्ड ट्रेनर्स बसंत कुमार मर्सकोले, मनोज कुमार सनोडिया, अभिलाष मिश्रा, संतोष कुमार नेमा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तमिलनाडु के राज्यपाल नहीं रोक पाए विजय का शपथ ग्रहण-भाकपा

जगप्रेरणा सिवनी।

***हमारे देश में राज्यपाल की व्यवस्था सही शासन व्यवस्था चलाने के लिए की गई है परंतु राज्यपाल केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर कार्य करती है।***

इसका नजारा तमिलनाडु में थलपति विजय के शपथ ग्रहण करने के पहले देखा गया जो संविधान के विपरीत है वैसे भी विधानसभा जीत के बाद सबसे बड़े दल को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करना चाहिए परंतु महामहिम राज्यपाल रवि ने तीन बार अड़ंगा डाला ताकी शपथ ग्रहण करने में देरी हो और ऑपरेशन कमल तोड़फोड़ करके अपनी कठपुतली सरकार तमिलनाडु में बना सके जिसकी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक डॉ बी सी ओके राजेंद्र जयसवाल तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश अंगद सिंह बघेल महेश पटेल गेंदलाल भलावी आदि ने घोर निंदा की है तथा थलपति विजय को मुख्यमंत्री बनने पर बहुत-बहुत बधाई दी है।

# पैसेंजर ट्रेनों को एक दूसरे में किया गया मर्ज



जगप्रेरणा सिवनी।

छिंदवाड़ा-सिवनी-नैनपुर-मंडला फोर्ट तथा मंडला फोर्ट-नैनपुर-जबलपुर खण्ड में संचालित एक दर्जन पैसेंजर ट्रेनों की बजाय अब अप-डाउन दिशा में आधा दर्जन पैसेंजर ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। टुकड़ों-टुकड़ों में संचालित उक्त पैसेंजर ट्रेनों को एक दूसरे में मर्ज कर दिया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेल द्वारा लिए गए इस निर्णय से अब एक ही गाड़ी में यात्री छिंदवाड़ा से सीधे मंडला फोर्ट व मंडला फोर्ट से जबलपुर आ-जा सकेंगे। इससे उनके नैनपुर में उतरकर ट्रेन बदलने की परेशानी तो दूर होगी ही, वहीं समय की भी बचत होगी।

इस संबंध में दक्षिण पूर्व मध्य रेल के नागपुर डिवीजन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा से नैनपुर जाने वाली पैसेंजर गाड़ी संख्या 58823 में पैसेंजर गाड़ी संख्या 58827 का विलय कर दिया गया है। अब गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ा-मंडला फोर्ट के बीच चलेगी। इसी तरह नैनपुर से छिंदवाड़ा जाने वाली पैसेंजर गाड़ी संख्या 58824 में गाड़ी संख्या 58828 को मर्ज कर दिया गया है। यह गाड़ी संख्या 58824 मंडला फोर्ट-छिंदवाड़ा के मध्य चलेगी। आज शनिवार को इस गाड़ी को हरी झण्डी दिखाकर मंडला से रवाना किया जाएगा।

इसी तरह पैसेंजर गाड़ी संख्या 51703 में पैसेंजर गाड़ी संख्या 51709 का विलय किया गया है, जिससे अब गाड़ी संख्या 51703 जबलपुर-मंडला फोर्ट के मध्य चलेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 51704 में गाड़ी संख्या 51710 को मर्ज किया गया है और यह गाड़ी 51704 नंबर से मंडला फोर्ट-जबलपुर के मध्य चलेगी। इसी तरह पैसेंजर गाड़ी संख्या 51705 में पैसेंजर गाड़ी संख्या 51711 का विलय किया गया है, जिससे अब गाड़ी संख्या 51705 जबलपुर-मंडला फोर्ट के मध्य चलेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 51706 में गाड़ी संख्या 51712 को मर्ज किया गया है और यह गाड़ी 51706 नंबर से मंडला फोर्ट-जबलपुर के मध्य चलेगी।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# तेज आंधी तूफान ने छीना बुजुर्ग विधवा का आशियाना, प्रशासन बेखबर..

### ग्राम बकौड़ी में कच्चा मकान धराशायी, यहां वहां रहने को मजबूर गरीब बुजुर्ग विधवा महिला..



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखंड कुरई के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकौड़ी में बीते दिनों आए तेज आंधी-तूफान ने एक गरीब विधवा बुजुर्ग महिला का सब कुछ उजाड़ दिया है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार बकौडी निवासी 72 वर्षीय संतर बाई चौरसिया का कच्चा मकान तूफान की चपेट में आने से पूरी तरह तहस-नहस हो गया है। छत उड़ गई, दीवारें ढह गई और घर-गृहस्थी का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया।

### दूसरों के घरों में रह रहीं बुजुर्ग..

पीड़ित बुजुर्ग संतर बाई एक विधवा महिला हैं और बहुत ही गरीबी में जीवन यापन कर रही हैं। पति की मृत्यु के बाद से ही वह अकेले इस कच्चे मकान में रह रही थी। छोटा मोटा काम करके किसी तरह दो वक्त की रोटी की व्यवस्था करती थी। लेकिन अब तूफान ने उसका एकमात्र सहारा, उसका घर भी छीन लिया है। घटना के बाद बुजुर्ग विधवा महिला खुले आसमान के नीचे तथा बाद में रिश्तेदारों के ओटले पर रात गुजारने को मजबूर है। बारिश का मौसम आने को है और बुजुर्ग विधवा के पास सिर छिपाने की भी जगह नहीं बची।

### प्रशासन ने नहीं ली सुध, ग्रामीणों में आक्रोश..

ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की जानकारी देने के बाद भी अब तक प्रशासन का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा है। न तो राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का जायजा लिया और न ही पंचायत स्तर से कोई मदद पहुंचाई गई है। 70 वर्षीय बुजुर्ग विधवा महिला संतर बाई कई बार सरपंच-सचिव से गुहार लगा चुकी हैं, किंतु हर बार सिर्फआश्वासन ही मिला। ग्राम बकौड़ी आदिवासी विकासखंड का हिस्सा है, जहां शासन की ओर से विभिन्न योजनाएं गरीबों के लिए चलाई जाती हैं।

इसके बाद भी एक असहाय विधवा महिला की सुध नहीं ली जा रही है। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते बुजुर्ग विधवा को प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य किसी योजना से मदद मिल जाती तो आज यह स्थिति नहीं आती।

### तत्काल मदद की मांग..

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित बुजुर्ग विधवा महिला संतर बाई को तत्काल राहत राशि, टीन शेड और राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत कर प्राथमिकता के आधार पर निर्माण शुरू कराया जाए।

आने वाले समय में बरसात प्रारंभ हो जाएगी। यदि जल्द मदद नहीं मिली तो बुजुर्ग महिला की जान पर बन आएगी। प्रशासन को मानवीय आधार पर इस मामले में तुरंत संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि एक गरीब बुजुर्ग विधवा को फिर से छत मिल सके।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी शाखा प्रबंधक पद पर कायम, आमसभा में 2 साल बढ़ाने का दावा..

### सहकारिता विभाग चावड़ी में नियमों पर उठे सवाल, गेहूं खरीदी में सक्रिय भूमिका को लेकर चर्चा तेज..



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के सहकारिता विभाग से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। चावड़ी समिति में पदस्थ शाखा प्रबंधक राम लखन चंद्रवंशी की 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्ति***

होना तय थी, लेकिन आरोप है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें पद से कार्यमुक्त नहीं किया गया और वे अब भी गेहूं खरीदी कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली और नियमों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार नियमानुसार सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद कर्मचारी को कार्यमुक्त किया जाना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत शाखा प्रबंधक को जिम्मेदारी सौंपे जाने की बात सामने आ रही है।

इससे विभागीय दस्तावेजों और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। वर्तमान में जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। ऐसे समय में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की सक्रिय भूमिका को लेकर स्थानीय स्तर पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि नियमों को दरकिनार कर सेवा अवधि के बाद भी पद पर बनाए रखा जाता है, तो इससे विभागीय पारदर्शिता प्रभावित होती है और शासन की व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है। मामले को लेकर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि विभागीय स्तर पर पूरे घटनाक्रम को दबाने का प्रयास किया गया, ताकि किसी प्रकार का विवाद सामने न आए। हालांकि अब तक जिम्मेदार अधिकारी इस विषय पर खुलकर कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले शाखा प्रबंधक को किस आधार पर पद पर बनाए रखा गया? क्या इसके लिए कोई वैधानिक अनुमति ली गई या फिर यह केवल विभागीय व्यवस्था के नाम पर किया गया निर्णय है?

### प्रशासक ने कहा- आमसभा में 2 वर्ष बढ़ाया गया..

इस संबंध में चावड़ी समिति के प्रशासक रवि सरयाम ने बताया कि आमसभा की बैठक में शाखा प्रबंधक की सेवा अवधि दो वर्ष के लिए बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि समिति में अन्य अनुभवी व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया।

### जनरल मैनेजर बोले-मेरी जानकारी में ऐसा रखना समझ से परे..

वहीं इस मामले में जनरल मैनेजर के.के. सोनी ने कहा कि उनकी जानकारी में सेवानिवृत्त कर्मचारी को इस प्रकार पद पर बनाए रखना समझ से परे है। उन्होंने संकेत दिए कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक प्रक्रिया देखी जाएगी।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल


डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039





कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल के करकमलों से किया गया जिले में 'हेल्पिंग हैंड्स' परियोजना का शुभारंभ..

## बीमार और लाचार लोगों को प्राप्त होंगे रोटरी रॉयल के माध्यम से बेड, व्हील चेयर, कमोड चेयर, बैसाखी एवं वॉकर जैसे आवश्यक उपकरण..









जगप्रेरणा बालाघाट।

*रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ऑफिशियल विजिट का आयोजन शहर के होटल मल्लिकार्जुन में गरिमामय वातावरण में दिनांक 10 मई को समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा एक नई सेवा पहल 'हेल्पिंग हैंड्स' परियोजना का शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल के करकमलों द्वारा किया गया। यह परियोजना विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों की सहायता हेतु प्रारंभ की गई है। परियोजना के अंतर्गत*

जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क मेडिकल उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनका जीवन कुछ आसान और सम्मानजनक बन सके। इस योजना के तहत मेडिकल बेड, व्हील चेयर, कमोड चेयर, बैसाखी एवं वॉकर जैसे आवश्यक उपकरण जरूरतमंद लोगों को प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी द्वारा किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया एवं रोटरी की परंपरा अनुसार औपचारिक रूप से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल का क्लब सदस्यों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटेरियन पल्लवी जायसवाल एवं डॉ. ईला गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों, सामाजिक प्रकल्पों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजेश गांधी, प्रेसिडेंट इलेक्ट रोटेरियन अंकित अग्रवाल, मुकुल राठौर, हरजीत पाल सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंघ छाबड़ा, नरेन्दर सिंघ छाबड़ा, विक्रम भूते, धनेंद्र रहांगडाले, संतोष नाहर, बलविंदर पाल सिंह राजपूत, रवि सचदेव एवं राहुल जैन सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने इस सेवा प्रकल्प की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी पहल बताया।

कार्यक्रम का मंच संचालन क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर रोटेरियन बलजीत सिंघ छाबड़ा द्वारा किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए रोटरी के माध्यम से निरंतर जनहित में कार्य करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अनुशासन, सेवा भावना एवं सौहार्द का विशेष वातावरण देखने को मिला।

### बोले डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल..

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं बल्कि समाज सेवा का ऐसा माध्यम है जो जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल लगातार जनहित के कार्यों के माध्यम से समाज में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने क्लब की सक्रियता, टीमवर्क एवं सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रकल्प समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी जरूरतमंद व्यक्ति को सही समय पर सहायता मिलती है, तभी सेवा का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। रोटरी का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा करना है और प्रत्येक सदस्य को इसी भावना के साथ कार्य करना चाहिए।

### बोले रोटे. कमलजीत सिंघ छाबड़ा..

डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से रोटेरियन कमलजीत सिंघ छाबड़ा ने कहा कि रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल ने कम समय में सेवा एवं पब्लिक इमेज के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। क्लब द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रमों एवं मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाए जा रहे संदेश सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि क्लब आने वाले समय में और भी बड़े सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाजहित में कार्य करेगा।

### बोली डॉ. इला गुप्ता..

विशिष्ट अतिथि डॉ. इला गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को वेलनेस एवं स्वास्थ्य जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं सकारात्मक सोच व्यक्ति को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखते हैं। उन्होंने सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।

### बोले रोटे. अध्यक्ष संदीप असाटी..

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन संदीप असाटी ने अपने संबोधन में क्लब द्वारा वर्षभर किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा पूर्व में प्याऊ स्थापना, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सहयोग गतिविधियां एवं अन्य कई जनहितकारी कार्य सफलतापूर्वक संचालित किए गए हैं। क्लब अध्यक्ष रोटे. संदीप असाटी ने आगे कहा कि कई बार मरीज एवं उनके परिजन आर्थिक अभाव के कारण आवश्यक मेडिकल उपकरण नहीं जुटा पाते, जिससे उन्हें अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ÷हेल्पिंग हैंड्स÷ परियोजना प्रारंभ की गई है, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति उपचार एवं सुविधाओं के अभाव में परेशान न हो। परियोजना का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को सहारा देना, चिकित्सा सुविधाओं को सहज बनाना एवं समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है।

# संगठन विस्तार और स्थानीय मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी जिला बालाघाट की बैठक हुई संपन्न..

## मूलभूत समस्याओं को लेकर आंदोलन करने की बनी रणनीति..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*आम आदमी पार्टी की संगठन विस्तार की बैठक 10 मई दिन रविवार को शहर के बस स्टैण्ड स्थित सार्वजनिक धर्मशाला में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विधानसभा विंग, ब्लॉक स्तरीय समिति व पंचायत स्तरीय समिति का गठन किये जाने संबंधी चर्चाएं की गई। साथ ही बैठक में स्थानीय मुद्दों को*

लेकर भी चर्चा की गई। इसमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली पानी की समस्या को लेकर आप पार्टी द्वारा आम जनता के साथ सडक़ पर उतरकर आंदोलन करने को लेकर रुपरेखा तय की गई। बैठक में प्रमुख रूप से आम आदमी पार्टी बालाघाट जिले से नवनियुक्त पदाधिकारी क्रमशः सर्वश्री रजनीश नायडू- स्टेट कोऑर्डिनेटर बालाघाट, शरद जैन- प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ वारासिवनी, हीरालाल पांचे, प्रदेश उपाध्यक्ष मजदूर विंग लांजी, शिव जायसवाल जिलाअध्यक्ष बालाघाट, मस्तराम डाहारे जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) बालाघाट, अनिल ब्रम्हे जिला सचिव, सादिक कुरैशी जिला उपाध्यक्ष वारासिवनी, सुरेश सिंह कारे- जिला उपाध्यक्ष बालाघाट, शैलेंद्र श्रीवास्तव- जिला उपाध्यक्ष बैहर- गोरेलाल राहंगडाले- जिला उपाध्यक्ष लांजी, दिलीप वराडे- जिला उपाध्यक्ष लांजी, योगराज ठाकरे- जिला उपाध्यक्ष कटंगी, दीपक राहंगडाले- जिला उपाध्यक्ष वारासिवनी, दयाराम दमाहे- जिला उपाध्यक्ष परसवाड़ा, देवानंद विश्वकर्मा- जिलासचिव परसवाड़ा, विकास गेडाम- जिलासचिव परसवाड़ा, ऊदेलाल चौधरी- जिला स.सचिव लांजी, प्रवीण चौहान- सं.सचिव बैहर, रोशनी तुरकर/संदीप तुरकर- जिला उपाध्यक्ष परसवाड़ा, दिनेश बघेले- मजदूर विंग बालाघाट, ओमप्रकाश जायसवाल- शिक्षाविंग बालाघाट, मनोज चौहान- मजदूर विंग, ज्ञानेश राणा- सचिव शिक्षाविंग परसवाड़ा, महेंद्र गनवीर- मीडिया प्रभारी, परसवाड़ा, रमेश लिल्हारे, लेबरविंग, शैलेन्द्र गढ़पाले- सं.सचिव शिक्षाविंग बालाघाट, चंदन लिल्हारे, लांजी, विकास लिल्हारे परसवाड़ा, विजय नागदेवे स.सचिव लेबरविंग बालाघाट, नगेंद्र पवार, चिकित्सा विंग बालाघाट, श्याम हुल्लूमारे बालाघाट, राजकुमार मसकरे, दिनेश चौधरी, मोहित मात्रे, चंदनलाल लिल्हारे- बेनेगांव लांजी सहित अन्य मौजूद रहे।

इस दौरान आप पार्टी जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल व ग्रामीण अध्यक्ष मस्तराम डहारे ने कहा कि जिले में आप पार्टी के संगठन का जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विस्तार किया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जाकर सभी विंगों का गठन किया जाएगा। इसमें विधानसभा, ब्लॉक स्तर व पंचायत समिति का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था डगमगा गई है। अस्पतालों में डॉक्टरों का अभाव है। स्वास्थ्य केन्द्रों में डिलेवरी के समय डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो पाते है। डिलेवरी व ऑपरेशन निःशुल्क होना चाहिए लेकिन प्रसव के लिए पैसे का लेन-देन किया जाता है। जिले में शासकीय स्कूलें बंद हो रही है। जिससे गरीब मजदूरों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ाने को मजबूर है। सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने में अक्षम साबित हो रही है। इसके अलावा ग्रामीण आदिवासी अंचलों में लोगों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। आज भी ग्रामीण नालों का गंदा पानी पीने को मजबूर है। वहीं बिजली भी पर्याप्त नहीं मिल पा रही है। इससे किसान सिंचाई को लेकर परेशान है। सरकार इन गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ व स्थानीय समस्याओं का शासन-प्रशासन द्वारा शीघ्र निराकरण नहीं किया जाता है तो आम आदमी पार्टी आमजनता के साथ सडक़ पर उतरकर आंदोलन करेगी।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी

मो. 84353 19391

# थाना लालबर्रा पुलिस की गौवंश तश्करों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई..

### वाहनों में क्रूरतापूर्वक बांधे गये 48 की संख्या में गौवंश छुड़ाये गये..

### परिवहन में प्रयुक्त 06 पिकअप वाहन कीमती करीबन 20 लाख रूपये जप्त किये गये, जप्त वाहनों की राजसात किये जाने की प्रक्रिया की जा रही है..



जगप्रेरणा लालबर्रा।

***जिले में गौवंश की तस्करी करने वालों के विरूद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में थाना लालबर्रा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 48 नग गौवंश तश्करों से छुड़ाये गये एवं***

परिवहन में प्रयुक्त 06 पिकअप वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। दिनांक 09-10.05.2026 की रात्रि में थाना लालबर्रा पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि पशु तस्करों द्वारा ग्राम आमाटोला रोड स्थित अम्बेडकर चौक के पीछे गौवंश (बैलों) को क्रूरतापूर्वक पिकअप वाहनों में भरकर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना लालबर्रा पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुये ग्राम आमाटोला रोड स्थित अम्बेडकर चौक के पीछे दबिश दी गई।

मौके से 48 नग गौवंश को सुरक्षित बरामद कर गौशाला में स्थानांतरित किया गया है एवं परिवहन में प्रयुक्त 06 पिकअप वाहनों को जप्त कर कार्यवाही की गई। प्रकरण में जप्तशुदा 06 पिकअप वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार राजसात की कार्यवाही की जावेगी। थाना लालबर्रा में अपराध क्रमांक 182/26, धारा 4, 6, 9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004, धारा 6(क), 7, 10 म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। 1. देवेन्द्र खरे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम नक्शी, किरनापुर, 2. अतुल नागवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बोदा, किरनापुर, 3. दिलीप कुशे उम्र 36 वर्ष निवासी रजेगांव, किरनापुर, 4. सिद्धार्थ वैद्य उम्र 29 वर्ष निवासी रजेगांव, किरनापुर, 5. अश्विन भोयर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बोदा, किरनापुर, 6. विदेशी खरे उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम नक्शी, किरनापुर को गिरफ्तार किया गया।

1. वाहन क्रमांक **MH 20 EG 0182,** 2. वाहन क्रमांक **MP 41GA 6019,** 3. वाहन क्रमांक **MP 50 G 1473,** 4. वाहन क्रमांक **CG 04 NH 4339,** 5. वाहन क्रमांक **MH 35 AJ 5522,** 6. वाहन क्रमांक **MH 20 DE 6448** ये वाहन जप्त किये गए।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबर्रा उनि. सुनील चतुर्वेदी, सउनि. चेतन उइके, आर. गार्गीशंकर बिसेन, आर. सुशील, आर. मनीष की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# सिविल न्यायालय बैहर में नेशनल लोक अदालत में 42 लंबित प्रकरणों में समझौता





जगप्रेरणा बैहर।

***मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत 09 मई को सिविल न्यायालय बैहर में किया गया।***

उक्त नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बैहर के नेतृत्व में न्यायाधीश गण, बार अध्यक्ष आर. के. चौहान व अधिवक्ता गण एवं बैंक व नगरपालिका व आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं न्यायालय के कर्मचारीगण की उपस्थिति में महात्मा गांधी व मां सरस्वती के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। नेशनल लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय बैहर में कुल 4 खंडपीठ का गठन किया गया।

जिसमें खंडपीठ क्रमांक 11 के पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश बैहर की खंडपीठ में नेशनल लोक अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा क्षतिपूर्ति के 01 प्रकरण तथा खंडपीठ क्रमांक 12 के पीठासीन अधिकारी कमलेश साहू, जिला न्यायाधीश बैहर के न्यायालय से 01 प्रकरण में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ। इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक 13 में पीठासीन अधिकारी श्रीमती शिवानी असाटी व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बैहर के न्यायालय में आपराधिक 30 प्रकरण प्रस्तुत किए जिसमे से 23 प्रकरणों में एवं एन. आई एक्ट चैक बाउंस के 05 प्रकरण प्रस्तुत किए गये।

जिसमे से 03 प्रकरण में 4 लाख 31 हजार 702 रुपये के मामले का निराकरण हुआ व भरण-पोषण धारा 125 के अंतर्गत के 01 प्रकरण तथा घरेलुहिंसा के अंतर्गत 01 प्रकरण तथा 01 अन्य, कुल 29 प्रकरणों में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ। इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक 14 में पीठासीन अधिकारी संजय शाक्य व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बैहर के न्यायालय में आपराधिक मामलों के 20 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 08 प्रकरण में व सिविल वाद के 09 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 03 प्रकरण में कुल 11 प्रकरण में आपसी राजीनामा के माध्यम से समझौता हुआ।

इस नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के अंतर्गत बैंकों के ऋण संबंधित 528 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 29 प्रकरणों में 8 लाख 33 हजार रुपये की वसूली हुई। नगर पालिका के अंतर्गत जलकर में 164 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमें से 33 प्रकरणों में 71 हजार 657 रुपये तथा संपत्ति कर के 99 प्रकरण प्रस्तुत किए गए जिसमे 16 प्रकरणों में 28 हजार 870 रूपये की वसूली हुई।

### विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में सिविल न्यायालय बैहर में नेशनल लोक अदालत के आयोजन के साथ ही आम जनता के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए आयुष विभाग बैहर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहर के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायिक कर्मचारीगण, अधिवक्तागण एवं नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में आने वाले समस्त पक्षकारों का निःशुल्क उपचार किया गया तथा दवाईयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉ. संवेदिता कुमरे ए.एम.ओ., डॉ. मयंक उसके डॉ. देवेश चौहान एच. एम. ओ., हरिलाल परस्ते, श्रीमती मीना पडवार, श्रीमती गायत्री पटले, श्रीमती अंतिमा तिवारी, फूलसिंह उयके, आयुर्वेद चिकित्सालय बैहर डॉ. यशवंती धुर्वे ए. एम. ओ., सीमा मसराम, सरोज मेरावी, क्रिर्ती गौर, गितिका शेण्डे, सिविल अस्पताल बैहर उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत में सिविल न्यायालय परिसर बैहर में सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था व सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु भिन्न-भिन्न थानों से उपस्थित पुलिस बल का विशेष योगदान रहा।

# अजय सिंह राहुल से ठाकुर झालेन्द्र सिंह चौहान की सौजन्य भेंट, सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर हुई चर्चा



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश विधानसभा सदन के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं सात बार के विधायक अजय सिंह राहुल के बालाघाट प्रवास के दौरान राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर के ठाकुर झालेन्द्र सिंह चौहान ने उनसे सौजन्य भेंट की।***

इस अवसर पर दोनों न के बीच सामाजिक सरोकारों, क्षेत्रीय विकास और वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। भेंट के दौरान ठाकुर झालेन्द्र सिंह चौहान ने बालाघाट जिले सहित किरनापुर क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने समाज की एकजुटता, युवाओं की भागीदारी तथा सामाजिक संगठनों की भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही क्षेत्र में विकास कार्यों, शिक्षा, रोजगार एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भी चर्चा की गई।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने क्षेत्र की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सामाजिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और इनके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सकारात्मक बदलाव पहुंचाया जा सकता है।

इस दौरान प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। ठाकुर झालेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के अनुभवों से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है, जिससे समाज और राजनीति दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक दिशा तय होती है।

सौजन्य भेंट का यह अवसर आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें सामाजिक समरसता, जनसेवा और क्षेत्र के विकास को लेकर साझा चिंतन देखने को मिला। क्षेत्रीय राजनीतिक एवं सामाजिक हलकों में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बालाघाट पुलिस की अवैध रेत उत्खनन पर लगातार कार्यवाही

# थाना हट्टा पुलिस द्वारा वेनगंगा नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन करते 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त, 04 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया



जगप्रेरणा हट्टा।

***पुलिस टीम द्वारा प्राइवेट वाहन एवं गोपनीय तरीके से रैकी कर भागने के सभी संभावित रास्तों की घेराबंदी की गई। योजनाबद्ध दबिश कार्यवाही के दौरान मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपियों को पकड़ा गया।***

जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना हट्टा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मंगोली खुर्द वेनगंगा नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर 04 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है।

थाना हट्टा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगोली खुर्द वेनगंगा नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश सिंह राठौड़ द्वारा पुलिस टीम गठित कर प्राइवेट वाहनों एवं मोटर साइकिलों से ग्राम मंगोली खुर्द वेनगंगा नदी घाट पहुंचकर दबिश कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन कर रहे 05 ट्रैक्टर- ट्रॉली को मौके से जप्त किया गया तथा 04 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

थाना हट्टा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 49/26 धारा 303 (2), 317 (5) बीएनएस एवं धारा 4(1), 4(1), 21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### जप्त वाहन का विवरण-

1. महिन्द्रा ट्रैक्टर बिना नंबर, 2. आयशर ट्रैक्टर क्रमांक **MP 50 -AA- 1247,** 3. आयशर ट्रैक्टर क्रमांक **MP 50 -ZA-7772,** 4. आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर, 5. पॉवर ट्रेक ट्रैक्टर क्रमांक **MP 50 -AA-1848**

### अवैध रेत उत्खनन करते पाए जाने पर आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

1. प्रकाश राऊत निवासी ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा।, 2. मोहपत राऊत निवासी ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा।, 3. संजय बोपचे निवासी ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा।, 4. परमेश्वर ठाकरे निवासी ग्राम दिनेरा थाना रामपायली।

### सराहनीय योगदान -

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश सिंह राठौड़, सउनि दिनेश जायसवाल, प्रआर 06 सतीष पारधी, प्रआर 1084 विनोद कुमरे, प्रआर 941 द्वारिकानारायण दुबे, आरक्षक 58 विष्णु प्रताप, आरक्षक 1444 किशन यादव, आरक्षक 421 खिलेश्वर पटले, आरक्षक 1117 डोमेश्वर राऊत, आरक्षक चालक अभिषेक मालवीय तथा विशेष सहयोगी दस्ता के मुरलीधर दानी, कंकर बसेने, अमित गौतम, योगेश डोंगरे, यश पटले, विनय पगाडे, सरोज मरठे एवं अभिमन्यु पांचे का सराहनीय योगदान रहा। बालाघाट पुलिस द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

# ई-विकास प्रणाली से होगा शत-प्रतिशत उर्वरक वितरण, किसानों को मिलेगी पारदर्शी एवं सरल सुविधा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कृषकों को समय पर एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा 'ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली' लागू की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से किसानों को उर्वरक वितरण की पूरी प्रक्रिया***

ऑनलाइन एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जाएगी। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि ई-विकास पोर्टल में कृषकवार भूमि की जानकारी, सभी उर्वरक विक्रेताओं जैसे डबल लॉक केंद्र, मार्केटिंग सोसायटी, पैक्स, एमपी एग्रो एवं निजी विक्रेताओं का विवरण उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही फसलवार प्रति हेक्टेयर आवश्यक उर्वरक की मात्रा की गणना, विक्रय केंद्रों में उपलब्ध स्टॉक, प्रतिदिन का भंडारण, विक्रय एवं शेष स्टॉक की जानकारी भी ऑनलाइन प्रदर्शित होगी। पोर्टल पर यह भी देखा जा सकेगा कि किसान द्वारा अनुशंसित मात्रा के अनुसार कितना उर्वरक खरीदा गया है तथा कितना शेष है।

### निःशुल्क ऑनलाइन पंजीयन सुविधा

किसान प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स), विपणन संघ के डबल लॉक केंद्र, मार्केटिंग सोसायटी, एमपी एग्रो विक्रय केंद्र एवं निजी विक्रेताओं के यहां निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से निर्धारित शुल्क देकर भी पंजीयन कराया जा सकता है।

### पोर्टल पर उपलब्ध विशेष सुविधाएं, संयुक्त खाताधारी किसानों के लिए सुविधा

ऐसे संयुक्त खाताधारी किसान जिनके परिवार के सदस्य अन्य शहर अथवा विदेश में रहने के कारण आधार ओटीपी सत्यापन नहीं कर पाते हैं, उनके लिए पोर्टल में एक सदस्य को नामांकित कर उर्वरक प्राप्त करने की सुविधा विकसित की गई है।

### मृत, वृद्ध एवं दिव्यांग किसानों के लिए व्यवस्था

जिन किसानों की मृत्यु हो चुकी है और भूमि नामांतरण लंबित है, अथवा जो शारीरिक रूप से अक्षम एवं वृद्ध हैं, उनके लिए भी उर्वरक प्राप्ति की विशेष सुविधा पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है।

### सिकमी किसानों के लिए Authorization Module

फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल में लागू **"Authorization Module"** के माध्यम से ऐसे सिकमी किसान या वास्तविक खेती करने वाले कृषक, जो भूमि स्वामी नहीं हैं, उन्हें अधिकृत कर उर्वरक का लाभ प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा उन परिस्थितियों के लिए उपयोगी है, जहां भूमि स्वामी द्वारा किसी अन्य किसान को खेती के लिए अधिकृत किया गया है।

### विशेष श्रेणी के किसानों हेतु पंजीयन सुविधा

ट्रस्ट, शासकीय प्रक्षेत्र, वन पट्टाधारी, शासकीय पट्टाधारी, धार्मिक स्थल एवं ऐसे किसान जिनकी भूमि एग्री स्टैक में प्रदर्शित नहीं हो रही है, उनके लिए भी ई-विकास प्रणाली में विशेष पंजीयन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। किसान द्वारा पंजीयन के पश्चात संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा अधिकतम दो दिवस में ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत किसान ई-टोकन प्राप्त कर उर्वरक वितरण की प्रक्रिया पूरी कर सकेगा। शासन का उद्देश्य ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाकर किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना है।



सोने, चांदी व हीरे जड़ित आभूषणों के निर्माता व विक्रेता
शुद्धता और विश्वास की अनूठी परंपरा
गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


### उम्मीदों की दहलीज पर कदम दर कदम बढ़ रहे पूरे विश्वास के साथ..

## कटंगी विधानसभा क्षेत्र के कायाकल्प में विधायक गौरव पारधी ने प्राप्त की अपेक्षित सफलता.. बड़ी सौगातों के लिये भी प्रयत्न जारी..

### 11 मई जन्मदिन पर विशेष..

जगप्रेरणा कटंगी/बालाघाट।

***बालाघाट जिला वैसे तो बड़ा ही सौभाग्यशाली जिला रहा है, जिसकी छह विधानसभाओं में प्रकृति ने जो भंडार दिये हैं, यदि उसका उचित और सहीं दोहन जिले के नागरिकों के लिये हो जाता तो बालाघाट के विकास की दिशा और दशा ही अलग होती,***

लेकिन विगत अनेक वर्षों में बालाघाट जिला सिर्फ इसलिये पीछे रह गया क्योंकि बालाघाट को जमीनी विकास की सशक्त सोच के साथ योग्य और जुझारु प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया, लेकिन बदलते वक्त के साथ बालाघाट जिले को यूवा ऊर्जावान ऐसा प्रतिनिधित्व भी अब जरुर मिल गया है, जिसने जन जन के बीच एक उम्मीद पैदा की है, तथा ना सिर्फइस जुझारु विनम्र एवं कर्मप्रधान सोच के धनी यूवा नेता ने अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपार स्नेह कायम करते हुए विकास की दहलीज पर क्षेत्र के कायाकल्प की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं, बल्कि रिश्तों और विश्वास की डोर से बंधते और बांधते हुए उन्होंने संपूर्ण जिले के उत्थान की उम्मीदों को भी जन्म दिया है।

जिन्हें हांलांकि सावर्जनिक जीवन में बतौर एक विधायक काम करने का अभी बहुत कम वक्त मिल पाया है, बल्कि अधिकांश समय पदासीन होने से पहले संघर्ष में ही चला गया, लेकिन अब जबकि अवसर प्राप्त हुआ है, तो उनकी रफ्तार ना सिर्फजिले में सबसे अग्रणी है, बल्कि जिस कार्ययोजना के साथ वो काम कर रहे हैं, कहा जा सकता है कि ऐसे जुझारु विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रतिनिधित्व में कटंगी विधानसभा क्षेत्र का भविष्य निश्चित ही उज्जवल है।

### 2.5 साल के कार्यकाल में दी क्षेत्र को विकास की अनेक सौगातें..

गौरतलब है कि बालाघाट जिले की छह विधानसभाओं में विकास की सर्वाधिक सौगातें स्वीकृत कराने में गौरव पारधी ने सफ्लता अर्जीत की है, तथा लगभग 500 करोड़ रुपये के विकास से उन्होंने क्षेत्र की हर आवश्यक जरुरत को पूरा करने पर अपना ध्यान केन्द्रित किया है। इसी के चलते विधायक गौरव सिंह पारधी ने कटंगी विधानसभा क्षेत्र के 30 बिस्तरों के अस्पताल को 50 बिस्तरीय करवाया, जिसका निर्माण शुरु हो चुका है।

इसी क्रम में विधायक गौरव पारधी ने विधानसभा क्षेत्र में 6 सड़कों को मुख्य जिला सड़क घोषित करवाया, तथा उसमें प्रमुख रुप से कटंगी लालबर्रा मार्ग की जर्जर हालत से वर्षोंसे क्षेत्र की जनता परेशान थी, लेकिन अब इस प्रमुख मार्ग का चौड़ीकरण होकर जल्द शुरु किया जाना है, तथा यह सड़क कटंगी नगर से फोर लेन होते हुए जायेगी, जिसके चलते क्षेत्रीय नागरिकों का आवागमन सुविधापूर्ण हो सकेगा। इसी प्रकार कटंगी नगर में सब्जी मंडी के लिये भी विधायक गौरव पारधी ने राशि स्वीकृत करवाई, जिसका निर्माण जल्द शुरु होने वाला है। इसी प्रकार कटंगी नगर के हृदय स्थल पर स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के लिये, राशि स्वीकृत करवाने का कार्य विधायक गौरव पारधी ने कर लिया है। बहुप्रतिक्षित सीतेकसा से नहलेसरा जोडने़ वाली नहर के परीक्षण की स्वीकृत करवा ली है, तो वहीं इसके लाईनिंग के कार्य को भी जल्द ही प्रारंभ करने की संभावनाएं है। विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों से महकेपार एवं कटोरी में दो नए सांदीपनी विद्यालय को स्वीकृति दिलवा दी गई है, वहीं कटंगी के महाविद्यालय में एम.कॉम. जैसे नए पाठ्यक्रमों को शुरु करवाया गया है। महाविद्यालय में कैन्टीन की बहुप्रतिक्षित मांग को भी विधायक गौरव सिंह पारधी ने पूरा किया वहीं नए बजट में क्षेत्र की जनता की मांग के अनुरुप 200 करोड़ के सड़क और अन्य निर्माण कार्यों को स्वीकृति दिलाई गई है।

### प्रदेश में बढ़ा कद, शीर्ष नेतृत्व ने दिये अवसर..

गौरतलब है कि विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने 2.5 साल के कार्यकाल में हर गांव हर समाज के बीच अपनी पैठ बनाने का प्रयास किया। आम जनता से सतत संपर्क बनाते हुए जनसमस्याओं के समाधान पर विशेष जोर देन का कार्य जारी रखा है, वहीं शासन की योजनाओं का जरुरतमंदों को लाभ प्रदान करने के कार्य में भी विधायक गौरव सिंह पारधी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। इतने सब के बावजूद विधानसभा में उनकी दलीलें और सरकार के पक्ष में विपक्ष को तथ्यों के साथ रखने की काबिलियत के चलते प्रदेश ओर देश के शीर्ष नेतृत्व ने विधायक गौरव सिंह पारधी को ब्राजील में आयोजित विश्वस्तरीय कॉन्फ्रेंस कॉप में देश के दो विधायकों में मध्यप्रदेश से एकमात्र गौरव सिंह पारधी को यह अवसर प्रदान किया, तो वहीं विधायक गौरव पारधी को प्रदेश प्रवक्ता के रुप में भी अहम एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।



विधायक गौरव सिंह पारधी ने अपने एक छोटे से कार्यकाल में कम समय में अधिक कार्य करते हुए प्रदेश के साथ साथ देश की राजनीति में भी अपनी पहचान स्थापित की है, तथा इसके साथ ही कटंगी विधानसभा क्षेत्र के अलावा संपूर्ण बालाघाट जिले में भी जनसेवा एवं जनसंपर्क में विधायक गौरव पारधी को अग्रणी भूमिका निभाते हुए देखा जाता है, तथा उनकी लोकप्रियता संपूर्ण जिले में स्थापित हो चुकी है, यह बड़ी बात कही जा सकती है। एक यूवा जुझारु, विनम्र एवं जवाबदार जनप्रतिनिधि के रुप में विधायक गौरव सिंह पारधी ऐसे ही सतत जनसेवा में अग्रणी रहें, तथा आने वाले दिनों में प्रदेश सरकार से क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने के उनके प्रयास और अधिक तीव्रता से सफ्ल हों, जगप्रेरणा ऐसी ही शुभकामनाएं प्रदान करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी से क्षेत्र के विकास की पुरजोर अपील भी करना है।

## जनगणना कार्य की समीक्षा करने कटंगी पहुंचे अपर कलेक्टर अधिकारी, कर्मचारियों से की चर्चा..

### कटंगी एसडीएम तहसीलदार रहे उपस्थित

जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***भारत सरकार द्वारा पिछ्ले 1 मेंई से पूरे देश में हमारी जनगणना हमारा विकास अभियान चलाया जा रहा है जो अभियान 30 मेंई तक जारी रहेगा पूरे देश की तरह बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा के कटंगी नगर एवं क्षेत्र में भी शासकीय कर्मचारियों द्वारा घर-घर पहुंचकर***

जनगणना संबंधित अपना कार्य किया जा रहा है वही इस कार्य की समीक्षा के लिए 10 में को कटंगी नगर तहसील में अपर कलेक्टर बर्मन कार्य की समीक्षा करने पहुंचे प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी तहसील में जनगणना से संबंधित प्रकरण और सुपरवाइजर के कार्यों की समीक्षा करने के लिए बालाघाट जिले के अपर कलेक्टर बर्मन कटंगी पहुंचे उनके अलावा तहसीलदार देशमुख जिला जनगणना अधिकारी रोहित पांडे का कटंगी आगमन हुआ जिन के द्वारा जनगणना की जानकारी और संबंधित आंकड़ों की समीक्षा की गई और कटंगी में लगभग जनगणना के सर्वे की स्थिति काफी अच्छी है सर्वे के माध्यम से बताया गया वहीं अधिकारियों द्वारा कटंगी निवासी राजेश पटले मकान मालिक के घर पहुंच कर जानकारी का अवलोकन किया गया वहीं प्रकरण सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि इसी प्रकार सतत कार्य करें ताकि जनगणना संबंधित कार्य जल्दी एवं शुद्धता से संपन्न हो इस अवसर पर कटंगी एसडीएम कैलाश चंद्र ठाकुर, तहसीलदार प्रजापति के अलावा जनगणना संबंधित कार्य करने वाले सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से 42 साल के मजदूर की दर्दनाक मौत

### पोस्टमार्टम के पहले परिजनों ने किया हंगामा सहयोग करो नहीं तो पोस्टमार्टम नहीं





जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***बालाघाट जिले के कटंगी थाना अंतर्गत 10 मेंई की सुबह 9:00 बजे एक दर्दनाक घटना घट गई घटना के चलते 42 साल के मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई कटंगी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लिंगापौनार निवासी***

सनोज पिता ताराचंद कोकोडे उम्र 42 साल जो की मजदूरी का काम किया करता था वह ट्रैक्टर ट्रैक्टर मालिक सेवक राम काडे के ट्रैक्टर में ड्राइवर के साथ बैठकर जा रहा था कि अचानक चलते ट्रैक्टर से गिर गया और ट्रैक्टर के चक्के में आ गया उसे तुरंत ट्रैक्टर मालिक द्वारा कटंगी सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा उसे मृदा घोषित कर दिया गया है कटंगी पुलिस द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम करने के बाद उसके परिजनों को उसकी लाश सौंप दी गई है वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की है वही कटंगी पुलिस ने बताया कि घटना कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से ग्राम पंचायत काली माटी टेकाडी के बीच हुई है पुलिस द्वारा घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### परिजनों ने किया हंगामा सहयोग करो नहीं तो पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे हम

घटना में सनोज कोकोडे की दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी कटंगी पुलिस थाने पहुंचकर परिजनों ने दर्ज कराई कटंगी पोस्टमार्टम हाउस कटंगी पुलिस पहुंची अपनी कार्रवाई करने पुलिस के पहुंचते ही परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया बोले कि गरीब मजदूर की मौत हुई है उसके दो छोटे बच्चे हैं और आरोप लगाया कि जिस ट्रैक्टर से मौत हुई है उसे ट्रैक्टर को छुपा दिया गया है और उन्होंने कहा पहले सहयोग करो उसकी पत्नी को और परिजनों को नहीं तो हम पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे मामले की गंभीरता को देखते हुए ट्रैक्टर मालिक मौके पर पहुंचे आपसी में बैठक की मानवता के चलते परिवार को सहयोग भी किया उसके बाद मामला ठंडा हुआ और मृतक का पोस्टमार्टम किया गया पोस्टमार्टम के बाद शाम को गांव में अंतिम संस्कार किया गया

## एनसीसी शिविर में कैडेट्स को दिया गया फायरिंग एवं यातायात नियमों का प्रशिक्षण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***एनसीसी के दस दिवसीय 95वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-95) के सातवें दिन कैडेट्स के लिए विभिन्न प्रशिक्षण एवं खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया।***

शिविर की शुरुआत प्रतिदिन की तरह प्रातःकाल पीटी एवं योगाभ्यास से हुई, जिसमें कैडेट्स को मानसिक शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी गई। इसके पश्चात कैडेट्स को एनसीसी की प्रमुख गतिविधि ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा नियमित एनसीसी कक्षाओं का संचालन किया गया। जिन कैडेट्स को अगले दिन फायरिंग अभ्यास के लिए जाना है, उन्हें शस्त्र संचालन एवं फायरिंग का प्रारंभिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

सांयकालीन विशेष व्याख्यान सत्र में पुलिस थाना बालाघाट के सब इंस्पेक्टर कैलाश उइके ने कैडेट्स को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात को सुचारू बनाए रखने तथा नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए सड़कों पर भीड़ नियंत्रण के संबंध में भी सुझाव दिए।

इसके बाद खेलकूद गतिविधियों के अंतर्गत कैप्टन राजेन्द्र सिंह कुशराम एवं लेफ्टिनेंट गजानन कटरे की उपस्थिति में अल्फा एवं ब्रेवो कंपनी के बीच वॉलीबॉल एवं रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेल गतिविधियों के संचालन में अन्य एनसीसी अधिकारी एवं पीआई भी उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य श्री नेताम का दौरा कार्यक्रम..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगतसिंह नेताम का दौरा कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री नेताम 11 मई को प्रातः 10 बजे दमोह-बिरसा से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे।***

वे 11 एवं 12 मई को गोंदिया में आयोजित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री नेताम 13 मई को प्रातः 10 बजे गोंदिया से उकवा के लिए रवाना होंगे और दोपहर 01 बजे उकवा पहुंचकर आम नागरिकों से भेंट करेंगे तथा उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुनेंगे। इसके बाद दोपहर 02 बजे ग्राम पिंडकेपार (ग्राम पंचायत राजपुर )में आयोजित गोलर समाज के सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न आयोजनों में सहभागिता के बाद श्री नेताम रात्रि 09 बजे दमोह पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433



उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 23 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
SUSHRUT PROCTO AYURVEDA GONDIA
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 98230 21274, 93098 53003
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738



SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर
मो. 6261142145

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

अवैध रेत उत्खनन पर पुलिस की लगातार कार्यवाही..

# थाना हट्टा पुलिस द्वारा वेनगंगा नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन करते 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली किया जप्त..

## 04 आरोपियो को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***पुलिस टीम द्वारा प्राइवेट वाहन एवं गोपनीय तरीके से रैकी कर भागने के सभी संभावित रास्तों की घेराबंदी की गई। योजनाबद्ध दबिश कार्यवाही के दौरान***





मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपियो को पकड़ा गया। जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना हट्टा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मंगोली खुर्द वेनगंगा नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त कर 04 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है ।

थाना हट्टा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मंगोली खुर्द वेनगंगा नदी घाट से अवैध रेत उत्खनन की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। अवैध उत्खनन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश सिंह राठौड़ द्वारा पुलिस टीम गठित कर प्राइवेट वाहनों एवं मोटर साइकलों से ग्राम मंगोली खुर्द वेनगंगा नदी घाट पहुंचकर दबिश कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन कर रहे 05 ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौक से जप्त किया गया तथा 04 आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।

थाना हट्टा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 49/26 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं धारा 4(1), 4(1ए), 21 खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनयम 1957 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। **जप्त वाहन का विवरण** – महिन्द्रा ट्रैक्टर बिना नंबर,आयशर ट्रैक्टर क्रमांक **MP50-AA-1247** आयशर ट्रैक्टर क्रमांक **MP50-ZA-7772** आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर पॉवर ट्रेक ट्रैक्टर क्रमांक **MP50-AA-1848** अवैध रेत उत्खनन करते पाए जाने पर आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। प्रकाश राऊत निवासी ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा। मोहपत राऊत निवासी ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा। संजय बोपचे निवासी ग्राम पिपरझरी थाना हट्टा। परमेश्वर ठाकरे निवासी ग्राम दिनेरा थाना रामपायली।

## सराहनीय योगदान–

उक्त काययवाही में थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश सिंह राठौड़, सउनि दिनेश जायसवाल, प्र.आर. 06 सतीष पारधी, प्रआर 1084 विनोद कुमरे, प्रआर 941 द्वारिकानारायण दुबे, आरक्षक 58 विष्णु प्रताप, आरक्षक 1444 किशन यादव, आरक्षक 421 खिलेश्वर पटले, आरक्षक 1117 डोमेश्वर राऊत, आरक्षक चालक अभिषेक मालवीय तथा विशेष सहयोगी दस्ता के मुरलीधर दानी, कं शकर बसेने, अमित गौतम, योगेश डोंगरे, यश पटले, विनय पगाडे, सरोज मरठे एवं अभिमन्यु पांचे का सराहनीय योगदान रहा। बालाघाट पुलिस द्वारा अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी लगातार कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

# मोहझरी में अज्ञात चोरों ने रात्रि में 3 मंदिरों को बनाया निशाना

**चांदी के मुकुट ,दान पेटी और अन्य सामानों पर किया हाथ साफ**

## घटना से ग्राम में आक्रोश..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम मोहझरी में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में तीन मंदिरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।***










घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 मई 2026 की रात अज्ञात चोरों ने ग्राम मोहझरी स्थित नर्मदेश्वर धाम शिव मंदिर, शीतला माता मंदिर देवी चौक, भ्रामरी देवी मंदिर में ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब ग्रामीण पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो मंदिरों के ताले टूटे मिले और अंदर रखा सामान गायब था। इसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया है कि चोर मंदिरों से चांदी के मुकुट, चांदी के छत्र, घंटे, दान पेटियां एवं अन्य पूजा सामग्री चोरी कर ले गए। आवेदन में चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत तीन लाख रुपये से अधिक बताई गई है। दस्तावेज़ के अनुसार विभिन्न मंदिरों से चोरी हुए सामान में चांदी के मुकुट एवं छत्रों की कीमत सबसे अधिक बताई गई है। वहीं दान पेटियों में रखी नकदी भी चोर अपने साथ ले गए। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों में चोरी की यह बड़ी घटना है, जिससे ग्रामीणों की आस्था को ठेस पहुंची है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामीणों से पूछताछ की गई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों एवं संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटाने में लगी हुई है। ग्राम पंचायत मोहझरी के प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र आरोपियों का पता लगाकर कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। लोगों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था किए जाने की मांग प्रशासन से की है।

# आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी, सड़क पर लगता है जाम लोगों को करना पड़ता है नुकसानी का सामना

जगप्रेरणा लांजी।

***नगर में एक बार फिर आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही नगर की मुख्य सड़कों,***





बाजार क्षेत्रों और चौक-चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। आवारा पशुओं के कारण जहां यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं दुकानदारों, राहगीरों और वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर की प्रमुख सड़कों पर दिनभर गाय, बैल और अन्य मवेशी झुंड बनाकर बैठे रहते हैं, जिससे सड़कें संकरी हो जाती हैं और बड़े वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है। कई बार वाहन चालक अचानक सामने आए पशुओं को बचाने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार होते-होते बचते हैं। विशेष रूप से शाम के समय नगर क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब सड़क पर लोगों की भीड़ के बीच मवेशियों की आवाजाही बनी रहती है। सब्जी बाजार और किराना दुकानों के सामने घूम रहे आवारा पशु व्यापारियों के लिए भी सिरदर्द बने हुए हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पशु अचानक दुकानों के सामने पहुंचकर सब्जियां और फल नुकसान पहुंचा देते हैं, जिससे उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। कई बार ग्राहकों के हाथों से सामान छीन लेने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। नगर के नागरिकों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति खरीदारी कर थैला मोटरसाइकिल में टांग देता है तो आवारा पशु उसे भी खाने लगते हैं, जिससे लोगों को असुविधा और नुकसान दोनों उठाना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा पहले समय-समय पर आवारा पशुओं की धरपकड़ की कार्रवाई की जाती थी, लेकिन लंबे समय से इस दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। इसका परिणाम यह है कि पशुपालक भी अब अपने मवेशियों को खुला छोड़ने लगे हैं। नगर परिषद के पास आवारा पशुओं की पकड़ के लिए विशेष वाहन उपलब्ध होने के बावजूद स्थिति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है।

नगरवासियों ने मांग की है कि नगर परिषद नियमित अभियान चलाकर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई करे और पशु मालिकों के खिलाफ जुर्माना या अन्य दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे। नागरिकों का मानना है कि यदि पशु मालिकों पर सख्ती की जाए तो आवारा पशुओं की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

नगर के लोगों ने प्रशासन से जल्द ठोस कदम उठाने की मांग करते हुए कहा है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं और परेशानियों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

# डी जे विवाद मामले में मुख्य आरोपित गिरफ्तार, विधि विरुद्ध बालक को लिया अभिरक्षा में..

जगप्रेरणा लांजी।

***ग्राम मोहझरी में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद युवक पर जानलेवा हमला करने वाले मुख्य आरोपी को लांजी पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।***



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा भी जब्त किया है, जबकि मामले में शामिल एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहझरी निवासी 30 वर्षीय देवेश रावते ने थाना लांजी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गोंदिया की टीआईसी कंपनी में सर्वेयर का कार्य करता है।

9 मई को वह गांव में रमेश आठोड़े के यहां आयोजित शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। कार्यक्रम के दौरान गांव के दीप उरकुड़े और उसका भाई कान्हा उरकुड़े डीजे पर नाचते समय आपस में विवाद कर रहे थे। विवाद बढ़ता देख देवेश ने दोनों को समझाइश देते हुए डीजे बंद करा दिया, जिससे मामला शांत हो गया। शिकायत के अनुसार, शादी समारोह के बाद जब देवेश अपने दोस्त अमन नाकतोड़े के साथ घर लौट रहा था, तभी सेलर मशीन के पास दीप उरकुड़े और कान्हा उरकुड़े ने उसे रोक लिया। दोनों ने डीजे बंद कराने की बात को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दीप उरकुड़े ने लकड़ी के डंडे से देवेश के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। बीच-बचाव करने पहुंचे अमन नाकतोड़े के साथ भी दोनों आरोपियों ने मारपीट की।

मामले में थाना लांजी में अपराध क्रमांक 157/2026 के तहत धारा 296(2), 115(2), 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) ओमप्रकाश के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। तत्पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी दीप उरकुड़े पिता राजकुमार उरकुड़े, उम्र 21 वर्ष निवासी मोहझरी थाना लांजी जिला बालाघाट को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया तथा एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई उपरांत आरोपी एवं विधि विरुद्ध बालक को माननीय न्यायालय एवं किशोर न्याय बोर्ड बालाघाट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## इनकी रही भूमिका..

पूरे मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लांजी उनि दीप सिंह परमार, उनि सुन्दरलाल पवार, चेतन सोनी, आशुतोष सिंह एवं पवन धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका ।

# ग्रामीण अंचल में तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू, मौसम के बदले प्रभाव से संकलन में पड़ सकता है प्रभाव..

जगप्रेरणा लांजी।

***वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। तेंदूपत्ता सीजन शुरू होते ही वन क्षेत्रों में ग्रामीणों की आवाजाही बढ़ गई है और सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा जंगलों की ओर तेंदूपत्ता तोड़ने पहुंचने लगे हैं।***



लंबे समय से इस कार्य की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण अंचलों में रोजगार एवं आय का प्रमुख साधन माना जाता है।

क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फड़ों पर तेंदूपत्ता खरीदी एवं संग्रहण की तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली गई थीं। वन विभाग एवं संबंधित समितियों द्वारा संग्रहण केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीणों को मानक अनुसार पत्ते तोड़ने एवं सुरक्षित तरीके से संग्रहण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

तेंदूपत्ता कार्य प्रारंभ होने से वनांचल क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आने लगी है। ग्रामीण परिवारों के लिए यह सीजन अतिरिक्त आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत होता है, जिससे उन्हें दैनिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलती है। विशेष रूप से ग्रामीण महिलाएं इस कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में सहयोग करती हैं।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य निर्धारित नियमों एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार कराया जाएगा। संग्रहण कार्य में लगे श्रमिकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जंगलों में आग जैसी घटनाओं से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने शासन एवं वन विभाग से मांग की है कि इस वर्ष तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए तथा भुगतान प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए, जिससे संग्रहकों को सीधा लाभ मिल सके।

# एनसीसी शिविर में कैडेट्स को मिला फायरिंग एवं यातायात नियमों का प्रशिक्षण

## खेल प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह..

जगप्रेरणा बालाघाट।



एनसीसी के दस दिवसीय 95वें संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-95) के सातवें दिन कैडेट्स के लिए सैन्य प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास एवं खेलकूद गतिविधियों का व्यापक आयोजन किया गया। पूरे दिन चले कार्यक्रमों में कैडेट्स ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

शिविर की शुरुआत प्रतिदिन की भांति प्रातःकालीन पीटी एवं योगाभ्यास से हुई। इस दौरान कैडेट्स को शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक शांति एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने योग को तनावमुक्त जीवन एवं आत्मनियंत्रण का प्रभावी माध्यम बताते हुए नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात कैडेट्स को एनसीसी की प्रमुख गतिविधि ड्रिल का गहन अभ्यास कराया गया। ड्रिल प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में अनुशासन, एकरूपता एवं आदेश पालन की भावना विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही नियमित एनसीसी कक्षाओं के माध्यम से सैन्य जीवन, नेतृत्व कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

शिविर के दौरान जिन कैडेट्स को आगामी दिवस फायरिंग अभ्यास में भाग लेना है, उन्हें शस्त्र संचालन एवं फायरिंग का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में हथियारों के सुरक्षित उपयोग, लक्ष्य साधने की तकनीक एवं सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कैडेट्स को जिम्मेदारी एवं सावधानी के साथ शस्त्र संचालन करने के निर्देश दिए।

सांयकालीन विशेष व्याख्यान सत्र शिविर का मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर पुलिस थाना बालाघाट के सब इंस्पेक्टर कैलाश उइके ने कैडेट्स को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, सड़क संकेतों की जानकारी तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कैडेट्स से समाज में यातायात जागरूकता फैलाने का आह्वान भी किया।

व्याख्यान के बाद खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें अल्फा एवं ब्रेवो कंपनी के बीच वॉलीबॉल एवं रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिताओं में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा एवं टीम भावना का परिचय दिया। खेल गतिविधियों के दौरान शिविर परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

इस अवसर पर कैप्टन राजेन्द्र सिंह कुशराम, लेफ्टिनेंट गजानन कटरे सहित अन्य एनसीसी अधिकारी एवं पीआई उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## पृथ्वी की इस धरा पर माँ ईश्वर अल्लाह का रूप –मातृत्व प्रेम, त्याग और मानव सभ्यता की सबसे अनमोल धरोहर–मदर्स डे 10 मई 2026–एक व्यापक समग्र विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता के आरंभ से लेकरआज के आधुनिक वैज्ञानिक युग तक यदि किसी रिश्ते को सबसे अधिक पवित्र, निस्वार्थ, अद्वितीय और ईश्वर तुल्य माना गया है,तो वह रिश्ता माँ और संतान का है।पृथ्वी पर विद्यमान करोड़ों जीवों और अनगिनत प्रजातियों में यदि कोई भावना सबसे अधिक स्वाभाविक, गहरी और आत्मिक है, तो वह मातृत्व है। एक माँ केवल जन्म देने वाली स्त्री नहीं होती, बल्कि वह वह शक्ति होती है जो अपने बच्चे के लिए स्वयं को पूर्णतः समर्पित कर देती है। संसार का हर रिश्ता किसी न किसी अपेक्षा पर आधारित हो सकता है, किंतु माँ का प्रेम ऐसा अमृत है जिसमें केवल त्याग, ममता,करुणा,संरक्षण और आशीर्वाद होता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में माँ को भगवान से भी ऊपर स्थान दिया गया है और कहा गया ÷मातृ देवो भवः÷ अर्थात् माँ देवता के समान है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र मैं अगर अपनी ब्रह्मलीन माँ के साथ में अपनी सच्चाई बताऊं तो 20 नवंबर 2020, धनतेरस के दिन से मैं अपनी मां के प्यार से वंचित हो गया हूं क्योंकि इसी दिन मेरी आंखों के सामने मेरी माँ को साइलेंट अटैक आया था और मेरे नजरों के सामने, मेरे से बात करते हुए, मैन दुनियां से ओझल होते हुए अपनी आंखों से देखा था वह पल मैं जिंदगी में कभी नहीं भूल पाऊंगा और हमेशा सोचता हूं, चिट्ठी ना कोई संदेश ना जाने कौनसा देश जहां तुम चले गए, आज मैं कहता हूं कि माँ दिवस 10 मई 2026 को हे माँ ! तुम्हारे साथ माँ दिवस मनाना है, आओ इस लोक में या बुला लो परलोक में, इसीलिए ही कहता हूं जिनके पास माँ है वह जीवन में भाग्यशाली जीव है।जब कोई व्यक्ति अपने बचपन की स्मृतियों में लौटता है, तो उसे सबसे पहले माँ की गोद, उसकी थपकी, उसकी लोरी और उसका स्नेह याद आता है। बचपन में गिरने पर जो हाथ सबसे पहले सहारा देता है, वह माँ का होता है। भूख लगने से पहले जो चिंता करती है,वह माँ होती है। बच्चे की आंखों के आंसू देखकर जिसका हृदय कांप उठता है, वह माँ होती है। यही कारण है कि संसार का हर व्यक्ति अपने जीवन में चाहे जितनी भी ऊँचाइयाँ प्राप्त कर ले, लेकिन उसकी आत्मा के सबसे कोमल हिस्से में उसकी माँ बसती है। जिस व्यक्ति के जीवन में माँ का साया मौजूद है, वास्तव में वह इस पृथ्वी का सबसे भाग्यशाली व्यक्ति है, क्योंकि माँ की उपस्थिति केवल एक संबंध नहीं बल्कि ईश्वर की जीवंत व सटीक अनुभूति होती है।

साथियों बात अगर हम मां के गहरे असीम प्यार को हम करीबी से महसूस कर सकते हैं इसको प्रैक्टिकल देखने की करें तो जिनके घर में छोटे दूध मुहें बच्चे हैं, तो हम देखेंगे की उस मां का अपने बच्चों पर कितना केयर रहता है।अपना पूरा समय वह बच्चों केलालन पोषण में लगा देती है, क्योंकि वह मां बच्चे के रोनें या नहीं सोने पर सारी रात आंखों में कांटे डालकर जैसे तैसे बिता देता है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे घर में अभी दो छोटे बच्चे हैं, कुमार और रूहान जिनकी परवरिश उनकी माएं कर रही है, तो एक मां और एक बच्चे की परवरिश की गहराई का एहसास मुझे होता है। मेरा मानना है कि जो मानवीय जीव अपनी मां का अपमान करते हैं उसे दुख देते हैं, घर से निकाल देते हैं या माँ की शान में कोई कृत्य करते हैं, तो उनसे बड़ा पापी इस पृथ्वी पर कोई नहीं है उनसे बड़ा कोई दुराचारी नहीं है, उनको इस योनि में उनके इस कृत्य का हज़ार गुणा फल जरुर मिलेगा ऐसा मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति ने अपनी मां का सम्मान करते हुए मां दिवस 10 मई 2026 को पूरा दिन मां के साथ बिताना चाहिए,उसकी छत्रछाया में उसके चरणों में बैठकर उनसे वार्तालाप करना, खेलना हंसमुख मजाक कर उन्हें खुशी देना चाहिए,फिर बस माँ को और क्या चाहिए।अगर उसकी औलाद उनकोखुशियां देती है तो मां के मुख से ऐसी दुआएं निकलती है जो उन बच्चों का यह लोक तो क्या परलोक भी सवेरा हो जाता है। अपने बारे में मुझे ऐसा पूरा विश्वास है कि 10 मई 2026को अदृश्य रूप से ही सही मेरी मां जरूर आएगी, क्योंकि मैंने मन से कह दिया है माँ तुम्हारे साथ मैं माँ दिवस मनाना चाहता हूं आ जाओ इस लोक में या फिर बुला लो परलोक में। चूंकि मां की गोद एक शरण स्थान है, जहां हमें सुकून मिलता है, सभी दुखों का इलाज होता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे माँ धरती पर भगवान का रूप होती है माँ का स्थान हमारे जीवन में अद्वितीय होता है।साथियों बात अगर हम माँ के प्रेम की महानता को समझने की करें तो उसके लिए केवल मनुष्य समाज को देखना पर्याप्त नहीं है। यदि हम प्रकृति और जीव -जंतुओं के संसार का अवलोकन करें तो पाएंगे कि मातृत्व हर जीव की मूल प्रवृत्ति है। गाय अपने बछड़े के लिए चिंतित रहती है, पक्षी अपने बच्चों को पंखों के नीचे छिपाकर सुरक्षा देते हैं, बिल्ली अपने बच्चों को मुंह में उठाकर सुरक्षित स्थान तक ले जाती है और एक कुतिया अपने पिल्लों की रक्षा के लिए किसी भी खतरे से भिड़ जाती है। यदि कोई व्यक्ति किसी पशु के बच्चे को नुकसान पहुँचाने की कोशिश करे, तो उसकी माँ तुरंत आक्रमण कर देती है। यह केवल स्वभाव नहीं, बल्कि प्रकृति द्वारा दिया गया वह दिव्य भाव है जिसे मातृत्व कहा जाता है। इससे स्पष्ट होता है कि माँ का प्रेम केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्त सृष्टि में व्याप्त है।मानव जीवन में माँ का महत्व इसलिए भी सबसे अधिक है क्योंकि वह अपने बच्चे के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देती है। एक माँ अपने बच्चे को नौ महीने तक अपने गर्भ में रखती है, असहनीय पीड़ा सहकर उसे जन्म देती है और उसके बाद अपना हर सुख त्यागकर उसकी परवरिश करती है। बच्चे की एक मुस्कान उसके सारे दुःख भुला देती है। बच्चा रातभर रोता रहे तो माँ अपनी नींद भूल जाती है। वह स्वयं भूखी रह सकती है, लेकिन अपने बच्चे को भूखा नहीं देख सकती। यही त्याग मातृत्व को ईश्वर के सबसे निकट ले जाता है।

साथियों आज की आधुनिक दुनिया में जहां भौतिकता और स्वार्थ बढ़ता जा रहा है, वहाँ माँ का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में भी कोई मशीन माँ का स्थान नहीं ले सकती। दुनिया का सबसे महंगा उपहार भी माँ की गोद जैसी शांति नहीं दे सकता। एक माँ अपने बच्चों के लिए केवल पालनकर्ता नहीं होती, बल्कि वह उनकी पहली गुरु, पहली चिकित्सक, पहली मित्र और पहली मार्गदर्शक होती है। बच्चे के चरित्र निर्माण में माँ की सबसे बड़ी भूमिका होती है। वह अपने संस्कारों से समाज और राष्ट्र का भविष्य तैयार करती है।

साथियों समाज में जब कभी नैतिक मूल्यों के पतन की चर्चा होती है, तो उसका एक बड़ा कारण परिवारों में मातृत्व और पारिवारिक संस्कारों का सटीक कमजोर होना भी माना जाता है। जिस समाज में माँ का सम्मान होता है, वह समाज उन्नत और संस्कारित होता है। लेकिन दुर्भाग्य से आधुनिक समय में कई स्थानों पर वृद्ध माताओं के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा और अपमान की घटनाएँ भी सामने आती हैं। कुछ लोग अपनी ही माँ को बोझ समझने लगते हैं, उन्हें वृद्धाश्रम भेज देते हैं या मानसिक पीड़ा देते हैं। यह केवल सामाजिक पतन नहीं बल्कि मानवीय संवेदनाओं का सबसे बड़ा अपराध है। जो व्यक्ति अपनी माँ का सम्मान नहीं कर सकता, वह वास्तव में किसी भी रिश्ते का सम्मान नहीं कर सकता। भारतीय संस्कृति सदैव यह संदेश देती रही है कि माँ के चरणों में स्वर्ग बसता है। माँ की सेवा केवल कर्तव्य नहीं बल्कि जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है।

साथियों माँ के आशीर्वाद की शक्ति को दुनिया की हर संस्कृति ने स्वीकार किया है। भारत में माँ दुर्गा, माँ सरस्वती और माँ लक्ष्मी के रूप में नारी शक्ति की पूजा की जाती है। ईसाई परंपरा में मदर मैरी को करुणा और पवित्रता का प्रतीक माना गया है। इस्लाम में कहा गया है कि ÷जन्नत माँ के कदमों के नीचे है। दुनिया की लगभग हर सभ्यता और धर्म ने माँ को सर्वोच्च सम्मान दिया है। यह दर्शाता है कि मातृत्व किसी एक समाज या संस्कृति की अवधारणा नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता का साझा सत्य है।

साथियों मदर्स डे अर्थात मातृ दिवस इसी मातृत्व के सम्मान का वैश्विक प्रतीक है। हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को दुनिया के अनेक देशों में मदर्स डे मनाया जाता है। हालांकि माँ के लिए केवल एक दिन पर्याप्त नहीं हो सकता, क्योंकि माँ का महत्व वर्ष के 365 दिनों में हर क्षण बना रहता है। फिर भी यह दिन हमें अवसर देता है कि हम अपनी माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें, उनके त्याग को याद करें और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण हैं।

साथियों मदर्स डे केवल उपहार देने का दिन नहीं है। यह दिन माँ के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त करने का अवसर है। बहुत से लोग इस दिन अपनी माँ के साथ समय बिताते हैं, उन्हें भोजन पर ले जाते हैं, उपहार देते हैं या उन्हें धन्यवाद कहते हैं। लेकिन वास्तव में माँ को सबसे अधिक खुशी अपने बच्चों का प्रेम और सम्मान देखकर मिलती है। यदि कोई संतान अपनी माँ के साथ बैठकर कुछ पल हँस ले, उनसे बातें कर ले, उनका हाथ पकड़ ले और यह कह दे कि ÷आप मेरे जीवन की सबसे बड़ी शक्ति हैं,÷ तो वही माँ के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है।

साथियों आज की व्यस्त जीवनशैली में लोग अपने परिवार के लिए समय निकालना भूलते जा रहे हैं। बच्चे करियर और सफलता की दौड़ में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि कई बार अपनी माँ की भावनाओं को समझ नहीं पाते। जबकि माँ का जीवन अपने बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमता है। वह वृद्ध हो जाए, कमजोर हो जाए, लेकिन उसके मन में अपने बच्चों के लिए चिंता कभी कम नहीं होती। इसलिए यह आवश्यक है कि हम केवल मदर्स डे पर ही नहीं बल्कि हर दिन अपनी माँ का सम्मान करें, उनका ख्याल रखें और उन्हें यह महसूस कराएँ कि वे अकेली नहीं हैं।

साथियों माँ का खो जाना जीवन का सबसे बड़ा दुःख होता है। जिन लोगों की माँ इस संसार में नहीं हैं, वे इस पीड़ा को गहराई से समझते हैं। माँ के जाने के बाद व्यक्ति को एहसास होता है कि उसने जीवन का सबसे बड़ा सहारा खो दिया है। माँ की आवाज, उसकी डाँट, उसकी सलाह और उसकी उपस्थिति जीवनभर स्मृतियों में जीवित रहती है। कई लोग अपनी माँ को खोने के बाद हर दिन उन्हें याद करते हैं और महसूस करते हैं कि यदि माँ होती तो जीवन कितना अलग होता। माँ भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, लेकिन उसका प्रेम और आशीर्वाद सदैव हमारे साथ रहता है।

साथियों भारतीय परिवार व्यवस्था में माँ को परिवार की आत्मा माना जाता है। वह केवल घर संभालने वाली महिला नहीं होती बल्कि पूरे परिवार को जोड़कर रखने वाली शक्ति होती है। उसकी भावनात्मक ऊर्जा ही परिवार को एकता और प्रेम में बाँधती है। यदि घर में माँ मुस्कुराती है तो पूरा घर खुशहाल लगता है। माँ की उपस्थिति घर को केवल मकान से परिवार बनाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम मातृत्व का सम्मान केवल शब्दों में नहीं बल्कि व्यवहार में भी करें। हमें अपनी माँ के स्वास्थ्य, सम्मान और भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। वृद्धावस्था में उन्हें अकेला छोड़ने के बजाय उनका सहारा बनना चाहिए। बच्चों को भी बचपन से यह संस्कार दिए जाने चाहिए कि माँ का सम्मान जीवन का सबसे बड़ा व बहुमूल्य धर्म है।

साथियों माँ वास्तव में धरती पर भगवान का स्वरूप है। वह बिना किसी स्वार्थ के प्रेम करती है, बिना थके सेवा करती है और बिना शिकायत के त्याग करती है। संसार में यदि कोई व्यक्ति हमें बिना शर्त स्वीकार करता है, तो वह माँ ही होती है। इसलिए यह कहना बिल्कुल उचित है कि माँ का स्थान जीवन में अद्वितीय और अपूरणीय है। उसकी गोद में जो सुकून मिलता है, वह दुनिया की किसी दौलत में नहीं मिल सकता।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मातृ दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं बल्कि मानवता को अपनी जड़ों और संवेदनाओं से जोड़ने वाला दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि चाहे हम कितने भीआधुनिक क्यों न हो जाएँ, हमारी सबसे बड़ी शक्ति हमारी माँ का आशीर्वाद ही है। इसलिए आइए, केवल 10 मई 2026 को ही नहीं बल्कि जीवन के हर दिन अपनी माँ का सम्मान करें, उन्हें प्रेम दें और यह स्वीकार करें कि वास्तव में माँ धरती पर भगवान का सबसे सुंदर रूप है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## माँ..

‘तक़दीर लिखने वाली मुकम्मल जहां देती हैं वो,
आँखों के सुरमे से नज़रें उतार लेती हैं वो,
अज़ा में भी फ़रियाद पहली
सुने रब की दरकार हैं वो,
कुदरत ने नवाज़ा और तराशा जिसे,
ख़ुदा का बेशकीमती तोहफ़ा
माँ कहती हैं दुनियां जिसे,
कि ख़िदमत में हाज़िर
करती जी- हुजूरी,
कोख में रखती मन्नतों
से वो जन्नत है पूरी,
न कर कदर उसकी
तो गुनाहगार बन जा,
उस ख़ुदा की कचहरी में
भी रहमत न पा सकेगा,
ख़ुदा की ‘पैगम्बर’
ज़ुबान ‘माँ’ कहती हैं जिसे।’

लेखिका



आरती चिट्टजवार
बैतूल (म. प्र.)

## नर्म नाज़ुक पगडंडी के..

नर्म नाज़ुक पगडंडी के पांव हम तोड़ आए हैं
और धारा की दिशा में नाव हम छोड़ आए हैं।।

भोर की मुस्कान हमने अपनी आंखों में छुपा ली
नील अम्बर की ध्वनि भी अपने होंठों में दबा ली
डूबते सूरज के कंचन घाव हम छोड़ आए हैं।
और धारा की दिशा में नाव हम छोड़ आए हैं।

सरसराती थी घरों पर वो पवन याद आती है
लहलहाती थी खेतों में वो फ़सल याद आती है
याद आती है हमें जो छांव हम छोड़ आए हैं।
और धारा की दिशा में नाव हम छोड़ आए हैं।

चिलचिलाती धूप थी पर देह पर एक तेज़ था,
सोंधी-सोंधी खुशबुओं
से वो महकना विशेष था।
राग-रागिनी सुमन के
भाव हम छोड़ आए हैं,
और धारा की दिशा में
नाव हम छोड़ आए हैं।

जब नगर के पत्थरों से
मन-तरंग टकरा गई,
होश आया और हमारी
चेतना चकरा गई।
जब लगा हमको कि
अब गांव हम छोड़ आए हैं,
और धारा की दिशा में
नाव हम छोड़ आए हैं।

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## जो काम हुए नहीं हैं..

जो काम हुए नहीं हैं वो बताने में लगी है
मंदी मंहगाई, बेकारी को छुपाने में लगी है।

गजब की नीतियां है
यहां पर सरकार की,
5किलो राशन से ग़रीबी
हटाने में लगी है।

किसी को ईडी का ड़र,
किसी को तिहाड़,
सरकार देश में विपक्ष
निपटाने में लगी है।

गरीब हितैषी खूब सारी
योजनाएं चला के,
पुंजीपतियों पर खजाना
लुटाने में लगी है।

देश की अवाम जाति-धर्म
में उलझी हुई हैं
सरकार एक-एक धरोहर
मिटाने में लगी है।

लेखक




संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## माँ घर की अनकही कविता..

ममता से परिपूर्ण है माँ, संस्कार का भंडार है माँ।
भय से मुक्ति का पथ है माँ।
अबला नहीं अब सबला है माँ।।
एक कोख से दूसरी कोख की दायनी है माँ।
इनसे बढ़कर नहीं है कोई माँ।।
जीवन का अमूल्य तोहफ़ा है माँ ।
इनसे बढ़कर नहीं वरदान है माँ....
यही तो है घर -घर की अनकही कविता माँ।

सविता गुप्ता
प्रयागराज


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 162



ck;| l| nk;| !& 1) काव्य की समीक्षा करनेवाला 5) बहुत मस्ती करना, हुल्लडबाजी करना 9) जान देने को तैयार, अभिनेता आमिर खान और नसिरुद्दीन शाह की एक पुरानी फिल्म 14) मरण – शोक 16) जो सहज में लच या झुक सकता हो 18) उपाधि 19) मनोरथ, वासना 20) उष्मा मापने का यंत्र 24) धीरे धीरे चलना, सैर करना 26) भाग्य, प्रारब्ध 28) डर से कांपना 29) एक शब्दालंकार जिसमें एक ही शब्द कई बार आता है परंतु हर बार उसका अर्थ भिन्न भिन्न होता है. 31) किसी विषय पर गद्य में लिखी हुई पुरी बात 32) समानता, बराबरी 33) नव रत्नों से दरबार सजानेवाला एक प्रसिद्ध मुगल सम्राट 35) पेड़ का धड़ 37) खिचांव के कारण किसी पदार्थ का विस्तार होना 38) हावभाव, मोहक चेष्टा 39) किसी क्रिया का परिणाम, नतीजा 41) आशा, कामना 42) माता, जननी 43) देना, चुकाना 45) नौका 46) पृथक, औरों से भिन्न 47) भारत वर्ष का एक पहाड 48) देखभाल, निरीक्षण 50) रचना, गठन, दिखावा 52) होश में आना, सावधान होना 53) हिन्दुओं के एक देवता 55) शांत, सौम्य, गहरा 56) हरकारा, सेवक 57) छुरी 58) तंग करना 60) जो किसी एक के लिये निष्ठावान हो 61) दान पाने को उपयुक्त व्यक्ति, दानपेटी 64) आज के बाद आनेवाला दिन 66) आरा 69) पंजाब की एक प्रसिद्ध जाति या उसके लोग 70) मनुष्य का खोपड़ी 72) फूल, पुष्प 74) बहुत से लोगों की चिल्लाहट, शोर 76) खर्च कम करना 77) स्थिर, निश्चल 78) नजदीक, निकट, आजूबाजू 79) काव्य रचयिता 80) उदर, गर्भाशय 81) अपरिचित, अनभिज्ञ 83) नदी 84) रात, रजनी 85) वह शब्द जिससे किसी व्यक्ति या वस्तु का बोध होता है 87) गंध, रहना 89) धैर्य 90) उत्पत्ति, जन्म 91) लौटने या लौटाने की क्रिया 93) सलाह देनेवाला 95) गीलापन, आर्द्रता 96) प्राण, जीवन 97) पेड़ का धड़ 98) बस्ती, जनसंख्या 100) पौष के बाद तथा फाल्गुन के पहले का चान्द्र मास 103) नीले रंग का कमल 104) पद्म, कमल, जल में उत्पन्न 105) ........ सदा चली आयी, प्राण जाये पर.... (इस वाक्य की शुरुवात का शब्द) 106) घोड़े के टाप में लगाया जानेवाला लोहे का टुकड़ा

Åij l| ulp !& 1) काम–धंधा, व्यवसाय 2) समान अर्थ रखनेवाले, पर्यायवाची 3) मित्र, कम, थोड़ा 4) सामर्थ्य, कोई काम करने की योग्यता 6) हृदय का स्वंदित होना 7) आचरण, चलने की क्रिया 8) नृत्य 9) किसी की राय लेना 10) लाभदायक होना 11) अटकाव, अवरोध 12) ओस 13) मदिरा, मद्य 15) बड़ा और पक्का मकान 17) कीड़ा–मकोड़ा 21) मार्ग, रास्ता 22) किसी पदार्थ को आंच द्वारा तैयार करना 23) त्रि, तीन 25) .... पति, जिसके पास लाखों का धन हो, धनवान 27) शरीफा, कुम्हड़ा 30) बचकर निकल जाना 32) हरदम, सर्वदा 33) असहनशीलता, चिड़चिड़ापन 34) परिवर्तित होना 36) एक सुगंधित फूल, अमोल पालेकर और विद्या सिन्हा की एक पुरानी प्रसिद्ध फिल्म 38) मन का वह सुप्तप्राय अंश जिसमें वे भाव, विचार, संस्कार आदि पड़े पड़े अपना कार्य करते है, जिनका पूर्ण प्रत्यक्ष और स्पष्ट ज्ञान मनुष्य को नही होता 40) लगाव, स्नेह, शादी 43) मोर्चे में लगायी जानेवाली सामुहिक घोषणा 44) होशियार, सावधान 46) आचारहीन, पतित, दुराचारी 49) गर्वयुक्त, घमंडी 51) भारी विपत्ती 53) परित्याग, समाप्ति 54) अनुकरण 59) वह जिसे कोई बात बहुत जल्दी लग जाये 60) महाभारत में गुरुदक्षिणा के रुप में द्रोणाचार्य को अपना अंगुठा देनेवाला उनका शिष्य 62) साहित्य में प्रसिद्ध नौ रस 63) जाली दस्तावेज लिखनेवाला 65) किसी प्रकार का काम निकालनेवाला 66) चार युगों में एक 67) विद्यालय 68) बाल्यावस्था में किया गया विवाह 71) गिराने की क्रिया 73) वराह 74) दुर्वचन कहना, निंदा करना 75) अधिकार 78) आशा रखनेवाला 81) परतंत्रता, दूसरे के अधीन होने का भाव 82) कोमलता 83) जिसका तल या सतह बराबर हो 86) मूंछ निकलने के पहिले ओंठ पर का कालापन 88) विवाह के पहले की एक विधि, विवाह संबंधी निश्चय 90) रामायण में सीता के पिता 92) सरहद 94) विवशता, मजबूरी 96) पशु–पक्षी पकड़ने का जालीदार पट 98) अंग्रेजी भाषा का एक वर्ण 99) एक प्रसिद्ध शिकारी चिड़िया 101) मकान, निवासस्थान 102) आज के पहले बिता हुआ दिन (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



apumeya-08446302691





# भारतीय भारोत्तोलक राष्ट्रमंडल और एशियाड से पहले एशियाई चैंपियनशिप में लय हासिल करने की कोशिश करेंगे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय भारोत्तोलक सोमवार से यहां शुरू हो रही एशियाई चैंपियनशिप में घरेलू समर्थन का फायदा उठाकर शानदार प्रदर्शन करने और राष्ट्रमंडल खेलों तथा एशियाई खेलों से पहले अपनी तैयारियों को मजबूत करने की कोशिश करेंगे।***



आगामी राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों को देखते हुए यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यहां के प्रदर्शन और इससे हासिल अंक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी दावेदारी मजबूत करेंगे। भारत ने इस प्रतियोगिता के लिए अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण उतारा है ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू हालांकि इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेंगी, क्योंकि वह कंधे की चोट से उबर रही हैं।

उनकी अनुपस्थिति में राष्ट्रमंडल पदक विजेता बिंद्यारानी देवी, हरजिंदर कौर और लवप्रीत सिंह पर निगाहें रहेंगी। भारत ने पुरुष और महिला वर्ग में आठ-आठ खिलाड़ियों सहित कुल 16 सदस्यीय टीम उतारी है। मेजबान होने के नाते चार अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी भागीदारी का अवसर मिला है। टीम में कई युवा प्रतिभाएं भी शामिल हैं। बेदाब्रत भराली और ज्ञानेश्वरी यादव को उन उभरते खिलाड़ियों में माना जा रहा है, जिन पर सप्ताह भर चलने वाली इस प्रतियोगिता में विशेष नजर रहेगी। पिछले सत्र में भारत को निराशा हाथ लगी थी, जब 2025 में चीन में आयोजित चैंपियनशिप में केवल दो भारतीय भारोत्तोलकों ने हिस्सा लिया था और टीम खाली हाथ लौटी थी। यह चैंपियनशिप मूल रूप से अप्रैल में आयोजित होनी थी, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे अतिथि देशों सहित 30 देशों के 170 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में कई ओलंपिक और विश्व चैंपियन भी आकर्षण का केंद्र होंगे। चीन के 102 किलोग्राम वर्ग के मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन लियू हुआनहुआ सबसे बड़े दावेदारों में शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता कतर के फारेस इब्राहिम भी इस प्रतियोगिता में उतरेंगे। उनके अलावा उत्तर कोरिया के विश्व चैंपियन कांग ह्योन ग्योंग और री सुक भी चुनौती पेश करेंगे।

### भारतीय दल :

**महिला:** कोमल कोहर (48 किग्रा), ज्ञानेश्वरी यादव (53 किग्रा), बिंद्यारानी देवी (58 किग्रा), निरुपमा देवी (63 किग्रा), हरजिंदर कौर (69 किग्रा), संजना (77 किग्रा), वंशिता वर्मा (86 किग्रा), मरीना देवी (86 किग्रा से अधिक)।

**पुरूष:** ऋषिकांत सिंहचनबम (60 किग्रा), एम राजा (65 किग्रा), अजित नारायण (71 किग्रा), बेदाब्रत भराली (79 किग्रा), अभिषेक सुरेशनिपाने (88 किग्रा), हरचरण सिंह (110 किग्रा), पर्व चौधरी (94 किग्रा), लवप्रीत सिंह (110 किग्रा से अधिक)।

**'गेस्ट प्लेयर' :** कोयल बार (53 किग्रा - महिला), माधवन थिरुमुरुगन (71 किग्रा) ,पेसी चारू (65 किग्रा), बाबू वल्लूरी अजया (79 किग्रा), सभी पुरूष।

# दीपिका की अगुआई में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने चीन को हराकर विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।***



रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम नौ अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

इससे पहले भारत ने सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। ग्वाटेमाला सिटी और पेरिस में 2021 में भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहीं दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं।

शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।

नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया। प्रफुल्ल डांगे को उनकी शिष्या कुमकुम के राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष पर रहने के बाद महिला रिकर्व कोच नियुक्त किया गया था लेकिन वह काफी हद तक पृष्ठभूमि में ही रहे जबकि दीपिका ने घरेलू दर्शकों और मुखर चीनी सहयोगी स्टाफ के दबाव भरे पलों में टीम का मार्गदर्शन किया। पिछले साल विश्व कप में पदार्पण करने वाली खिलाड़ियों झू जिंगयी, हुआंग युवेई और यू क्यूई की चीन की टीम के खिलाफ भारत शुरुआत में तो नियंत्रण में दिखा लेकिन पहला सेट (54-53) जीतने के बाद विरोधी टीम को वापसी का मौका दे दिया।

भारतीय तिकड़ी में सबसे अंत में निशाना साधते हुए दीपिका ने लगातार 10 अंक बनाए जिससे अंकिता (8-8) और 17 वर्षीय कुमकुम (10-8) के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन के बावजूद भारत पहला सेट जीतने में सफल रहा। दीपिका ने दूसरे सेट में भी अपनी बेहतरीन लय जारी रखी और एक और 'परफेक्ट 10' लगाया जिससे भारत तीन शॉट के बाद एक अंक की बढ़त (28-27) बनाने में सफल रहा। चीन ने दूसरे सेट के अपने आखिरी तीन तीर में दो बार नौ और एक बार 10 अंक जुटाकर जोरदार वापसी की और कुल 55 अंक बनाए।

अंकिता ने 9 अंक बनाए लेकिन कुमकुम केवल आठ अंक ही जुटा सकीं जिससे सेट को बराबर करने के लिए दीपिका को 10 अंक की आवश्यकता थी लेकिन चार बार की यह ओलंपियन सात अंक ही जुटा सकी जिससे भारत यह सेट 52-55 से हार गया और चीन 2-2 से बराबरी पर आ गया। इसके बाद मेजबान टीम ने तीसरा सेट 57-56 से जीतकर 4-2 की बढ़त बना ली। चौथे सेट में दीपिका के दो बार 10 का स्कोर करने के बावजूद भारत हार की कगार पर खड़ा नजर आ रहा था।

कुमकुम का आखिरी तीर सात अंक पर लगा जिससे भारत 54 अंक तक ही पहुंच पाया। मैच जीतने के लिए चीन को अपने आखिरी तीन तीर से दो बार 10 और एक बार नौ का स्कोर करना जरूरी था। झू और हुआंग ने परफेक्ट 10 का स्कोर किया जिससे 18 साल की यू क्यूई को जीत के लिए नौ अंक की जरूरत थी लेकिन यह युवा खिलाड़ी आठ अंक ही जुटा सकी जिससे भारत ने सेट जीत लिया और मैच शूट ऑफ में चला गया।

शूट ऑफ में भारतीय खिलाड़ियों ने सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंकिता ने नौ के स्कोर के साथ शुरुआत की जबकि कुमकुम ने शानदार 10 अंक जुटाए। जब खिताब जीतने के लिए आठ अंक की जरूरत थी तब दीपिका ने धैर्य बरकरार रखते हुए नौ अंक के साथ टीम की जीत सुनिश्चित की।

# सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज:

# गुकेश छठे स्थान पर रहे, नीमैन को खिताब..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***विश्व चैंपियन डी गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है।***




गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया। खिलाड़ियों ने नौ रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर दो अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में नौ और ब्लिट्ज में आठ अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की।गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं। गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया। उन्हें ट्रॉफी के अलावा 50 हजार डॉलर का पहला पुरस्कार भी मिला। अंतिम दौर में नीमैन ने पोलैंड के राडोस्लाव वोज्टाजेक को हराया। अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब 'सुपर क्लासिक' टूर्नामेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

# एल्विश यादव को मिली जान से मारने की धमकी, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर मांगी गई 10 करोड़ की रंगदारी, FIR दर्ज..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बिग बॉस ओटीटी 2 विजेता एल्विश यादव अक्सर ही किसी न किसी वजह से चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपने शो, म्यूजिक वीडियोज को लेकर तो कभी विवादों को लेकर।***



अब एल्विश एक बार फिर चर्चा में हैं, जिसकी वजह उनसे मांगी गई 10 करोड़ की रंगदारी है। जी हां, एल्विश यादव को जान से मारने की धमकी मिली है और इसी के साथ उनसे 10 करोड़ की रंगदारी मांगी गई है। एल्विश और उनके पिता को एक विदेशी नंबर से मैसेज भेजा गया है, जिसमें उनसे 10 करोड़ की एक्सटॉर्शन मनी की डिमांड की गई है।

### एल्विश से मांगी गई रंगदारी..

एल्विश यादव से मैसेज के जरिए 2 दिन में 10 करोड़ देने की डिमांड की गई है और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। मैसेज मिलने के बाद उन्होंने गुरुग्राम (हरियाणा) के सेक्टर 56 थाने में अज्ञात के खिलाफसंबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एल्विश को विदेशी नंबर से व्हॉट्सएप पर कॉल आई थी। वो ये कॉल रिसीव नहीं कर पाए, जिसके बाद उन्हें एक व्हॉट्सएप मैसेज मिला, जिसमें उनसे 10 करोड़ की रंगदारी मांगी गई थी।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नजदीकी ने दी धमकी..

एल्विश यादव की शिकायत के अनसुार, मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी रणदीप मलिक बताया और 10 करोड़ रुपये देने की मांग की। ये मैसेज एल्विश यादव और उसके पिता को भेजा गया है, जिसमें उन्हें 2 दिन में रुपये ना देने पर गोली मारने की धमकी दी गई है। एल्विश यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि यह मैसेज न केवल उनके पास आया है बल्कि उनके पिता के मोबाइल पर भी यही मैसेज भेजा गया है।

### पिछले साल घर पर हुई थी फायरिंग..

बता दें, इससे पहले अगस्त 2025 में एल्विश यादव के घर पर फायरिंग का भी मामला सामने आया था। उनके घर पर तीन बाइक पर आए बदमाशों ने करीब दो दर्जन राउंड फायरिंग की, जिसके बाद सेक्टर 56 थाने में कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया था और हमले की जिम्मेदारी विदेश में बैठे भाऊ गैंग ने ली थी।

# प्रियंका, दीपिका और आलिया की राह पर एक और हसीना, हॉलीवुड फिल्म में दिखाएंगी एक्शन अवतार, जारी हुआ फिल्म का ट्रेलर...

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड स्टार्स अब धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा तो पहले ही ग्लोबल स्टार का तमगा हासिल कर चुकी हैं और दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट भी हॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय का जादू बिखेर चुकी हैं।***



प्रियंका, दीपिका और आलिया के बाद अब एक और एक्ट्रेस हॉलीवुड में धमाके के लिए तैयार है, जिनकी अपकमिंग फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस हसीनाओं में से एक दिशा पाटनी हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के बाद ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने की शुरुआत कर दी है। ये कोई और नहीं बल्कि दिशा पाटनी हैं, जिनकी पहली इंटरनेशनल फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' है और इसका ट्रेलर भी जारी हो चुका है। इस ट्रेलर ने रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।

### हॉलीवुड डेब्यू को तैयार दिशा पाटनी..

दिशा पाटनी 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' में एक्शन अवतार में नजर आने वाली हैं और जबरदस्त अंदाज में तलवारबाजी करती दिखाई देंगी, जिसकी झलक ट्रेलर में भी देखने को मिल चुकी है।

फिल्म की बात करें तो ये एक काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया की कहानी होगी। ये 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की पहली फिल्म है, जिसमें दिशा पाटनी भी अहम भूमिका में नजर आने वाली हैं। दिशा के फैंस भी उनके हॉलीवुड डेब्यू को लेकर खासे उत्साहित हैं।

### द पोर्टल ऑफ फोर्स के बारे में..

द पोर्टल ऑफ फोर्स की बात करें तो इसकी कहानी लाडो ओखोटनिकोव ने लिखी है। फिल्म में दो प्राचीन शक्तियों के बीच भारी टकराव देखने को मिलेगा, जिनमें से एक पक्ष दुनिया में संतुलन बनाए रखने की कोशिश करता है तो दूसरा पक्ष एक अलग ही सोच और रास्ते का अनुसरण करता है।

वह दुनिया के संतुलन पर नहीं, शक्ति पर विश्वास रखता है। फिल्म में दिशा पाटनी की बात की जाए तो वह जेसिका के किरदार में नजर आएंगी, जो इस पूरी कहानी का सबसे अहम हिस्सा है।

### अहम रोल में नजर आएंगी दिशा पाटनी..

द पोर्टल ऑफ फोर्स में दिशा पाटनी एक ऐसी लड़की के किरदार में दिखाई देने वाली हैं, जिसका संबंध दोनों विरोधी पक्षों से होगा। वह दोनों गुटों की लीडर की बेटी के रोल में नजर आएंगी। जेसिका को दोनों दुनियाओं के बीच का पुल माना जा रहा है, जो संतुलन बनाने में सक्षम है। दोनों दुनियाओं का भविष्य जेसिका पर निर्भर करता है और वह अभी भी अपनी शक्तियों को समझने और कंट्रोल करने की कोशिश कर रही है। उसके सामने किसी दुश्मन से लड़ने उसे हराने की चुनौती नहीं है, बल्कि खुद को पहचानने और सही रास्ता चुनने की जिम्मेदारी है।

# प्रेमानंद महाराज का 'कृष्णावतारम' एक्टर ने लिया आशीर्वाद, शेयर की दिल की बात, फिल्म की सफलता का किसे दिया श्रेय ?

डेस्क जगप्रेरणा।

***एक्टर सिद्धार्थ गुप्ता अपनी नई फिल्म 'कृष्णावतारम' की रिलीज के बाद से सोशल मीडिया यूजर्स के बीच चर्चा में बने हुए हैं। उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है***



और इसे लोगों से बहुत अच्छे रिव्यू मिल रहे हैं। इसी बीच, सिद्धार्थ गुप्ता अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें उन्हें पूज्य प्रेमानंद महाराज जी का आशीर्वाद लेते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए अपने दिल की बात भी खुलकर फैंस तक पहुंचाई। पर्दे पर भगवान कृष्ण की भूमिका निभा सुर्खियों में आए सिद्धार्थ फिल्म की रिलीज से पहले अपनी मां की एक इच्छा पूरी करने वृंदावन पहुंचे थे।

### प्रेमानंद महाराज से सिद्धार्थ गुप्ता ने की मुलाकात..

अपनी हालिया रिलीज 'कृष्णावतारम' को मिल रहे जबरदस्त रिस्पॉन्स के बीच सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला नोट शेयर किया, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म की इस सफलता के पीछे एक ऐसी आध्यात्मिक कहानी छिपी है, जिसने सिद्धार्थ गुप्ता की जिंदगी को पूरी तरह से बदल दिया। साथ ही यह भी बताया कि फिल्म की रिलीज से पहले वह प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद लेने वृंदावन गए थे और अपने परिवार के साथ उनसे मुलाकात की। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि वृंदावन की यह यात्रा उनके लिए महज एक जर्नी नहीं थी, बल्कि यह उनके एक सपने का पूरा होना था।

### कृष्णावतारम कि रिलीज से पहले एक्टर ने लिया मां की इच्छा की पूरी..

सिद्धार्थ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर कर कैप्शन लिखा, 'जिस दिन मुझे कृष्णावतारम में कृष्ण का किरदार निभाने के लिए चुना गया, मेरी मां की बस एक ही इच्छा थी कि फिल्म दुनिया तक पहुंचने से पहले तुम पूज्य प्रेमानंद महाराज जी का आशीर्वाद जरूर लेना। उस पल मुझे जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह कभी कैसे मुमकिन हो पाएगा, लेकिन कुछ दुआएं अपना रास्ता खुद ही ढूंढ़ लेती हैं।'

### कृष्णावतारम की सफलता का राज..

एक्टर सिद्धार्थ ने इसी पोस्ट में आगे लिखा, 'फिल्म की सफलता यानी जिसे सिर्फ कृष्ण की कृपा ही कहा जा सकता है और हमारी पूरी टीम के विश्वास और मेहनत के जरिए हमें वृंदावन में महाराज जी से व्यक्तिगत रूप से मिलने का मौका मिला। उन्हें अपना ट्रेलर दिखाने और कृष्णावतारम के लिए उनका आशीर्वाद पाने का सौभाग्य मिला।

मेरे लिए यह सिर्फ एक पल से कहीं ज्यादा थाज यह एक सपने का पूरा होना था, मेरी मां की दुआ थी और एक ऐसा आशीर्वाद था जिसे मैं जिंदगी भर अपने साथ रखूंगा। हाथ जोड़कर और दिल में कृतज्ञता लिए हुए। जय श्री कृष्ण।'



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
सोमवार 11 मई 2026





# अमेरिकी शुल्क चुनौती के बीच सक्रिय वार्ता से समुद्री खाद्य उत्पादों के लिए खुला यूरोपीय बाजारः गोयल..



मुंबई, (भाषा)।

***केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यात के लिए उनका बाजार खुलवाया है।***

उन्होंने कहा कि इससे देश को अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी शुल्कों से उत्पन्न चुनौतियों से उबरने में मदद मिली है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने बाधाओं का अनुमान लगाया और भारतीय निर्यातकों के लिए वैकल्पिक बाजार सुरक्षित करने के लिए तेजी से कदम उठाए।

गोयल ने कहा, ''हमारी सरकार 24 घंटे काम करती है। अक्सर समस्या आने से पहले ही हम योजना बनाना और कार्रवाई शुरू कर देते हैं।'' मंत्री ने कहा कि भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के अमेरिकी फैसले ने निर्यात को बड़ा झटका दिया था और मछुआरों के बीच भारी चिंता पैदा कर दी थी।

उन्होंने बताया, ''जब अमेरिका ने भारतीय समुद्री खाद्य उत्पादों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया, तो हमारे निर्यात को बड़ा नुकसान हुआ और मछुआरे बहुत परेशान थे। केंद्र ने यूरोपीय संघ के साथ संपर्क कर और उन नियामक बाधाओं को दूर करके इसका जवाब दिया, जिन्होंने पहले भारतीय खेप को प्रतिबंधित कर दिया था।''

उन्होंने कहा, ''हमने कड़ा रुख अपनाया और गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र का इस्तेमाल किया। आज 125 से अधिक भारतीय मत्स्य प्रतिष्ठान पंजीकृत हो चुके हैं।'' उन्होंने आगे कहा कि इससे भारत को एक बड़े और स्थिर बाजार तक फिर से पहुंच बनाने में मदद मिली है।

मंत्री ने कहा कि इस रणनीतिक कदम के सकारात्मक परिणाम मिले हैं और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद पिछले साल समुद्री खाद्य निर्यात में लगभग 12-14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

उन्होंने जोर देकर कहा कि यूरोपीय संघ के बाजार को खोलना महत्वपूर्ण था क्योंकि वहां आयात की भारी मांग है और वैश्विक व्यापार में इसका बड़ा महत्व है।

# गोदरेज प्रॉपर्टीज का चालू वित्त वर्ष में 39,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***गोदरेज प्रॉपर्टीज ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 में अपनी बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ाकर 39,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य तय किया है। कंपनी का कहना है कि आवासीय संपत्तियों की मजबूत मांग के चलते उसकी वृद्धि की रफ्तार जारी रहेगी।***

कंपनी के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनी को अपने लक्ष्य को हासिल करने में किसी बड़ी बाधा की आशंका नहीं है। हालांकि, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर कंपनी सतर्क नजर बनाए हुए है।

उन्होंने कहा, ÷आवास बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। आने वाले वर्ष को लेकर हम सकारात्मक हैं, हालांकि वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर रखना जरूरी है।÷ गोदरेज ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट बाजार में ग्राहकों का रुझान बड़े और भरोसेमंद ब्रांडेड डेवलपर की ओर लगातार बढ़ रहा है और यह प्रवृत्ति आगे भी जारी रहने की संभावना है।

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 34,171 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की थी, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 6,725 करोड़ रुपये था।

उन्होंने बताया कि मार्च में पश्चिम एशिया तनाव के कारण बिक्री की रफ्तार कुछ प्रभावित हुई थी, लेकिन अप्रैल से स्थिति सामान्य हो गई है।

कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में ग्राहकों से 24,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 19,965 करोड़ रुपये रहा था।

भूमि अधिग्रहण के बारे में गोदरेज ने कहा कि कंपनी ऐसी नई परियोजनाओं को जोड़ने पर ध्यान दे रही है, जिनसे करीब 20,000 करोड़ रुपये का संभावित राजस्व प्राप्त हो सके। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 18 भूखंडों का अधिग्रहण किया था, जिनकी कुल संभावित राजस्व क्षमता 42,100 करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने कहा कि कंपनी फिलहाल इक्विटी कोष जुटाने की योजना नहीं बना रही है, क्योंकि उसका परिचालन नकदी प्रवाह मजबूत है और कर्ज की स्थिति भी संतोषजनक बनी हुई है।

पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़कर 1,850.20 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पहले 1,399.89 करोड़ रुपये था। वहीं कुल आय बढ़कर 8,410.88 करोड़ रुपये रही।

# प्रतिस्पर्धा आयोग ने फ्रांस की शराब कंपनी पर्नोड रिकर्ड, सात अन्य के खिलाफ जांचच का आदेश दिया..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने फ्रांस की प्रमुख शराब कंपनी पर्नोड रिकर्ड और सात अन्य इकाइयों के खिलाफभारतीय निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) बाजार में कथित गठजोड़ बनाने***

और प्रतिस्पर्धा-रोधी गतिविधियों के आरोपों की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दायरे में आई अन्य इकाइयों में इंडो स्पिरिट्स, पैथवे एचआर सॉल्यूशंस, यूनिवर्सल डिस्ट्रिब्यूटर्स, खाओ गली, बबली बेवरेजेज, शिव एसोसिएट्स और ऑगर्नोमिक्स इकोसिस्टम्स शामिल हैं।

आयोग ने पांच मई के अपने 26 पृष्ठ के आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पर्नोड रिकर्ड ने दिल्ली के आईएमएफएल बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल करने और अपने ब्रांड को बढ़ावा देने के लिए खुदरा तथा थोक विक्रेताओं के साथ प्रतिबंधात्मक समझौते किए।

सीसीआई के अनुसार, इस तरह का आचरण प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत 'विशिष्ट सौदे के लिए करार' की श्रेणी में आता है और कानून का उल्लंघन हो सकता है।

मामले की शिकायत वर्ष 2024 में आयोग के समक्ष दायर की गई थी। अब आयोग के महानिदेशक (डीजी) मामले की विस्तृत जांच करेंगे। जांच में उन अधिकारियों और व्यक्तियों की भूमिका भी देखी जाएगी, जिनकी कथित गतिविधियों में सहमति या मिलीभगत रही हो।

आयोग ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को कथित रूप से कॉरपोरेट गारंटी देकर पर्नोड रिकर्ड के उत्पादों की बिक्री बढ़ाने का प्रयास प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

आदेश में कहा गया कि प्रतिस्पर्धी कंपनियों के उत्पादों की बिक्री सीमित करने वाले ऐसे समझौते खुदरा मांग को कृत्रिम रूप से पर्नोड रिकर्ड की ओर मोड़ सकते हैं, जिससे अन्य कंपनियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

सीसीआई ने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्था उपभोक्ताओं की पसंद सीमित कर सकती है। आयोग के अनुसार, कुछ खुदरा विक्रेताओं के साथ कथित समझौते आपूर्ति व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकते हैं, जिसका असर अंततः मांग पर पड़ सकता है।

पर्नोड रिकर्ड के पास एब्सोल्यूट, शिवास रीगल और ग्लेनलिवेट जैसे ब्रांड हैं। मामले में दो प्रमुख आरोप लगाए गए थे। पहला, दिल्ली आबकारी विभाग की निविदाओं में कथित बोली में हेरफेर और दूसरा, आबकारी नीति 2021-22 के संदर्भ में शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं तथा खुदरा विक्रेताओं के बीच कथित गठजोड़ बनाना।

हालांकि, आयोग ने निविदाओं में कथित बोली में हेरफेर के संबंध में प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्य नहीं पाए। यह शिकायत कुल 41 इकाइयों के खिलाफदायर की गई थी। जांच के बाद आयोग ने 34 इकाइयों के खिलाफ आरोपों को प्रथम दृष्टया उचित नहीं माना, जबकि सात इकाइयों के खिलाफ जांच जारी रखने का आदेश दिया।

# सीआईआई ने कहा, निजी क्षेत्र का निवेश 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये रहा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को कहा कि सितंबर, 2025 में भारत के निजी क्षेत्र का पूंजीगत व्यय एक साल पहले के 4.6 लाख करोड़ रुपये से 67 प्रतिशत बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया।***

इसके साथ ही सीआईआई ने पश्चिम एशिया संकट और उसके बाद की स्थितियों के मद्देनजर पांच सूत्रीय उद्योग कार्य एजेंडा पेश किया। इसमें पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में की गई कटौती को चरणबद्ध तरीके से वापस लेने का प्रस्ताव शामिल है।

भारतीय उद्योग परिसंघ ने निजी निवेश में आए इस उछाल को देश के निवेश चक्र में एक शक्तिशाली और व्यापक सुधार का निर्णायक प्रमाण बताया है। उद्योग निकाय ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती को कच्चे तेल की कीमतें स्थिर होने पर छह से नौ महीनों के दौरान धीरे-धीरे वापस लिया जाना चाहिए।

सीआईआई के पांच सूत्रीय एजेंडा में एमएसएमई भुगतान के लिए 45 दिन की गारंटी, आयात विकल्पों के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा और स्वैच्छिक मूल्य नियंत्रण तथा इंटर्नशिप की संख्या बढ़ाने जैसे प्रस्ताव भी शामिल हैं। लगभग 1,200 कंपनियों के विश्लेषण के आधार पर सीआईआई ने बताया कि निजी क्षेत्र का निवेश सितंबर, 2025 में बढ़कर 7.7 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 67 प्रतिशत अधिक है। विनिर्माण क्षेत्र इसमें सबसे आगे रहा, जिसकी कुल निजी निवेश में हिस्सेदारी 3.8 लाख करोड़ रुपये यानी लगभग आधी रही।

इसमें धातु, वाहन और रसायन क्षेत्र प्रमुख रहे। सेवाओं का योगदान 3.1 लाख करोड़ रुपये या लगभग 40 प्रतिशत रहा, जो व्यापार, संचार और आईटी/आईटीईएस द्वारा संचालित था। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, ''इस सुधार चक्र से उत्साहित होकर, सीआईआई ने उद्योग जगत से वैश्विक तनाव के मौजूदा दौर में राष्ट्रीय दायित्व में अपना हिस्सा पूरा करने की अपील की है।''

# कम दाम पर ईंधन बिक्री से पेट्रोलियम कंपनियों को रोजाना हो रहा 1,700 करोड़ रुपये का नुकसान..



नई दिल्ली, (भाषा)।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का असर भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों पर भारी पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (एचपीसीएल) जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां पिछले 10 सप्ताह से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन 1,600-1,700 करोड़ रुपये का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है।

मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 सप्ताह में इन कंपनियों की कुल 'अंडर-रिकवरी' एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का अर्थ लागत से कम मूल्य पर बिक्री से है। कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दाम दो साल पुराने स्तर पर बने हुए हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा है। वहीं, मार्च में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे, लेकिन इसके बावजूद इसकी कीमत वास्तविक लागत से कम बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, पेट्रोलियम कंपनियों को अब कच्चे तेल की खरीद और परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी जुटानी पड़ सकती है। यदि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लंबे समय तक बनी रहती हैं, तो कंपनियों को कुछ पूंजीगत व्यय योजनाओं की प्राथमिकताओं में बदलाव करना पड़ सकता है। हालांकि, रिफाइनरी विस्तार, ऊर्जा सुरक्षा ढांचे, एथनॉल मिश्रण, जैव ईंधन और ऊर्जा बदलाव से जुड़ी रणनीतिक परियोजनाओं को सरकार की ओर से समर्थन से जारी रखा जाएगा।


एक अन्य सूत्र ने कहा कि पेट्रोलियम कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर लगातार दबाव रहने से भविष्य में रिफाइनरी, पाइपलाइन, रणनीतिक भंडारण और स्वच्छ ईंधन परियोजनाओं में निवेश प्रभावित हो सकता है।

सूत्रों का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का निर्णय अब सरकार के स्तर पर लिया जाना है। उनका कहना है कि ईंधन मूल्य वृद्धि लगभग अपरिहार्य हो गई है, लेकिन इसकी मात्रा और समय का निर्धारण सरकार करेगी।

पश्चिम एशिया संकट के बाद जापान और ब्रिटेन सहित कई देशों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की है, जबकि भारत में कीमतें स्थिर रखी गई हैं। युद्ध के कारण भारत के कच्चे तेल आयात का लगभग 40 प्रतिशत, एलपीजी आयात का 90 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस आयात का 65 प्रतिशत प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद पेट्रोलियम कंपनियों ने देश में ईंधन आपूर्ति बनाए रखी है।

उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए केंद्र सरकार ने भी उत्पाद शुल्क में कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर तीन रुपये और डीजल पर 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से सरकार को हर महीने लगभग 14,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# रोजमर्रा के इस्तेमाल का सामान हो सकता है महंगा, एफएमसीजी कंपनियां कीमतें बढ़ाने की तैयारी में..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं।***

देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियां बढ़ती लागत से मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं।

एफएमसीजी कंपनियों के अधिकारियों ने हालिया तिमाही नतीजों के दौरान संकेत दिया है कि वे पहले ही तीन से पांच प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी हैं और लागत का दबाव जारी रहने पर आगे भी मूल्य वृद्धि की जा सकती है। कंपनियों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे कच्चे माल, लॉजिस्टिक्स और पैकेजिंग लागत बढ़ी है। रुपये में कमजोरी ने भी दबाव बढ़ाया है।

इसका असर खाद्य उत्पादों, व्यक्तिगत देखभाल, पेय पदार्थ और घरेलू उपयोग के सामान सहित कई क्षेत्रों पर दिखाई दे रहा है। कंपनियां मुनाफा बनाए रखने के लिए कीमतें बढ़ाने के साथ पैकेट बंद उत्पादों में मात्रा कम करने की रणनीति भी अपना रही हैं। हालांकि पांच, 10 और 15 रुपये वाले छोटे पैक बाजार में बनाए रखने की कोशिश की जा रही है ताकि बिक्री पर असर कम पड़े।

कंपनियां लागत कम करने के लिए छूट और प्रचार खर्चों में कटौती, भंडार प्रबंधन को मजबूत करने और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक कुशल बनाने जैसे कदम उठा रही हैं। इसके बावजूद उपभोक्ताओं पर बढ़ती लागत का कुछ बोझ पड़ने की संभावना है।

डाबर इंडिया के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा कि कंपनी इस वित्त वर्ष में करीब 10 प्रतिशत महंगाई का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए कंपनी विभिन्न कारोबार खंडों में औसतन चार प्रतिशत तक कीमतें बढ़ा चुकी है और लागत नियंत्रण के उपाय भी कर रही है।ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने भी संकेत दिया है कि ईंधन और पैकेजिंग लागत में करीब 20 प्रतिशत वृद्धि के कारण जल्द ही कीमतें बढ़ाई जा सकती हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हरगेव ने कहा कि कंपनी सीधे दाम बढ़ाने और पैक के वजन में कमी, दोनों विकल्पों पर विचार कर रही है।

ब्रिटानिया के पास गुड डे, मेरी गोल्ड, मिल्क बिकीज और टाइगर जैसे ब्रांड हैं।

उन्होंने कहा कि बड़े पैक वाले उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की जाएगी। साथ ही एलपीजी, पीएनजी और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले लैमिनेट की बढ़ती कीमतें परिचालन लागत को प्रभावित कर रही हैं।

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने भी संकेत दिए हैं कि यदि जिंसों की कीमतों में दबाव बना रहा तो कंपनी आगे और कीमतें बढ़ा सकती है। एचयूएल के प्रमुख ब्रांड में सर्फ एक्सल, ब्रुक बॉन्ड, लाइफबॉय, डव, क्लिनिक प्लस, सनसिल्क, लैक्मे जैसे ब्रांड हैं।

एचयूएल के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) निरंजन गुप्ता ने कहा, ''अभी तक हमारे ऊपर महंगाई का आठ से 10 प्रतिशत का बोझ पड़ा है। हमने पोर्टफोलियो दर पोर्टफोलियो आधार पर कीमतों में दो से पांच प्रतिशत तक की वृद्धि की है।''



जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

## मोबाइल टावर पर चढ़ा पूर्व ओएसएपी कॉन्स्टेबल, नौकरी बहाली और मां के इलाज की मांग को लेकर 15 घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा..



डेस्क जगप्रेरणा।

***ओडिशा के ढोंकानाल शहर में शनिवार को हड़कंप मच गया, जब एक पूर्व ओएसएपी कॉन्स्टेबल मोबाइल टावर पर चढ़ गया और नौकरी बहाली के साथ अपनी कैंसर पीड़ित मां के इलाज के लिए सरकारी मदद की मांग करने लगा। यह घटना टाउन थाना के पास स्थित एक मोबाइल टावर की है, जहां घंटों तक पुलिस, प्रशासन और फायर सर्विस की टीमें उसे सुरक्षित नीचे उतारने में जुटी रहीं।***

प्रदर्शनकारी की पहचान कामाख्यानगर थाना क्षेत्र के सोगर गांव निवासी रुद्र नारायण दास के रूप में हुई है। रुद्र की शिकायत थी कि उन्हें अन्यायपूर्ण तरीके से नौकरी से निकाल दिया गया और कई बार गुहार लगाने के बावजूद उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। इसी नाराजगी में उन्होंने टावर पर चढ़कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रुद्र नारायण दास की नियुक्ति सितंबर 2018 में प्रथम ओएसएपी बटालियन में कॉन्स्टेबल के रूप में हुई थी। बताया गया कि ट्रेनिंग के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई थी, जिसके कारण उन्हें मेडिकल रेस्ट दिया गया। बाद में जब वे ड्यूटी पर लौटे, तो कथित तौर पर उन्हें सेवा से हटा दिया गया। रुद्र का कहना था कि उनकी मां कैंसर से पीड़ित हैं और परिवार की आर्थिक हालत बेहद खराब हो चुकी है।

नौकरी छूटने के बाद उन्होंने जिला प्रशासन, विभागीय अधिकारियों, मुख्यमंत्री कार्यालय से लेकर राष्ट्रपति तक कई जगह गुहार लगाई, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। इसी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। सुबह टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस, फायर सर्विस और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। एडीएम, अतिरिक्त एसपी, सब-कलेक्टर, तहसीलदार और एसडीपीओ सहित कई वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद रहे। अधिकारी लगातार रुद्र से बातचीत कर उन्हें शांत कराने की कोशिश करते रहे।

### खुद को आग लगाने की धमकी दी..

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब रुद्र ने कथित तौर पर अपने साथ रखी दो पेट्रोल की बोतलें दिखाते हुए धमकी दी कि अगर जबरदस्ती नीचे उतारने की कोशिश की गई तो वह खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा लेंगे। इसके बाद बचाव अभियान और ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया। घटना को देखते हुए बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। **ODRAF**, अंगुल फायर विभाग और भुवनेश्वर फायर सर्विस की टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। टावर के नीचे सुरक्षा जाल लगाया गया और हाई प्लेटफॉर्म एयरलिफ्ट मशीन की मदद से रुद्र तक पहुंचने की कोशिश की गई। हालांकि कई बार रुद्र द्वारा पेट्रोल फैलाने की कोशिश के कारण टीमों को पीछे हटना पड़ा ताकि कोई बड़ा हादसा न हो।

करीब 15 घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के दौरान पुलिस अधिकारी, दोस्त और परिचित लगातार रुद्र को समझाते रहे। आखिरकार शाम के समय तेज गर्मी और लंबे समय तक टावर पर रहने के कारण रुद्र की तबीयत बिगड़ने लगी। इसी बीच उनके जीजा ने भी उनसे बातचीत की और प्रशासन की ओर से कुछ आश्वासन दिए गए, जिसके बाद वह नीचे उतरने के लिए तैयार हो गए। फायर सर्विस की टीम ने हाई प्लेटफॉर्म मशीन की मदद से उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा। इसके तुरंत बाद एंबुलेंस से उन्हें ढेंकानाल जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और उन्हें मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस थाने पर आत्मघाती हमला, 3 पुलिसकर्मी की मौत, कई घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा इलाके में चरमपंथियों ने एक पुलिस थाने को उड़ाने की कोशिश की, जिसमें मुठभेड़ के दौरान कम से कम तीन पुलिसकर्मियों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए।***

चरमपंथी विस्फोटकों से भरी गाड़ी लेकर बन्नू जिले के फतेहखेल थाने में घुसना चाहते थे। सुरक्षाबलों ने उन्हें पहले ही रोक दिया, जिससे गाड़ी में जोरदार धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आस-पास के कई घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद चरमपंथियों ने गोलीबारी भी की। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद बड़ी संख्या में चरमपंथियों ने पुलिस थाने पर हमला किया और उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से भी गोलीबारी की गई। गोलीबारी में कम से कम तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए।


### मुख्यमंत्री का बयान..

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने इस चरमपंथी हमले की कड़ी निंदा की और जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख जताया। अफरीदी ने कहा कि 'आतंकवाद के विरुद्ध' यह लड़ाई केवल खैबर पख्तूनख्वा की ही नहीं, बल्कि पूरे देश की है। उन्होंने यह भी कहा कि बंद कमरों में लिए गए फैसलों और थोपी गई नीतियों ने देश को असुरक्षा के दलदल में धकेल दिया है।

उन्होंने कहा, 'हम अपने शहीदों की कुर्बानी को व्यर्थ नहीं जाने देंगे और आतंकवाद के इस अभिशाप को जड़ से मिटाने तक प्रयास जारी रखेंगे।' हाल के महीनों में अफगानिस्तान की सीमा से लगे इस प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमलों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है, जिसने पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिला अस्पताल की छत गिरी

## नवजातों को स्तनपान करा रही 3 महिलाएं और 1 बच्चा घायल..



डेस्क जगप्रेरणा।

***मध्य प्रदेश के भिंड में जिला अस्पताल की छत अचानक ही गिर गई। इससे बच्चों को स्तनपान करा रही तीन महिलाएं घायल हो गईं। घायल महिलाओं को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है। यह हादसा नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (SCNU) वार्ड में हुआ।***

दुग्धपान कक्ष की छत और फॉल्ससीलिंग रविवार को अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय वार्ड में सात महिलाएं मौजूद थीं और अपने नवजात बच्चों को दुग्धपान करा रही थीं। घटना में तीन महिलाएं और एक नवजात शिशु घायल हो गए।

एक महिला को मामूली चोटें आईं, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल महिलाओं को तत्काल ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य नवजात बच्चों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया। घायलों में ममता पवैया पत्नी भीकम पवैया उम्र 32 वर्ष निवासी मोहर सिंह का पुरा एवं सुषमा पत्नी कमलेश नरवरिया उम्र 23 वर्ष निवासी पुर शामिल हैं।

### घायलों से मिले एसडीएम..

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉ आर एन राजौरिया मौके पर पहुंच गए। साथ ही एसडीएम अखिलेश शर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और अस्पताल प्रबंधन से घटना की जानकारी ली।

### आजादी से पहले का बना हुआ है अस्पताल..

बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल की बिल्डिंग का बड़ा हिस्सा आजादी से पहले का बना हुआ है, जबकि कुछ निर्माण बाद में हुआ। लेकिन पूरी बिल्डिंग काफी जर्जर हालत में है। पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत करवाकर उसे नया स्वरूप दे दिया गया है, लेकिन छतें और दीवारें काफी पुरानी होने से आए दिन हादसों की आशंका बनी रहती है। इससे पहले भी अन्य वार्डों में भी छत गिरने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### बिल्डिंग की गहन जांच के आदेश..

एसडीएम अखिलेश शर्मा अस्पताल में छत गिरने की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम के अनुसार जिस समय फॉल सीलिंग गिरी उसे समय कक्ष में सात महिलाएं मौजूद थीं। उनके अनुसार अस्पताल की बिल्डिंग 60 से 70 साल पुरानी है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि पूरी बिल्डिंग की गहन जांच करवा कर सुरक्षा के उपाय किए जाएं।

## दिल्ली में बीती रात पुलिस ने 2 बदमाशों का हाफ एनकाउंटर किया, मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से हुई फायरिंग...



डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली में बीती रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस दौरान पुलिस ने 2 बदमाशों का हाफ एनकाउंटर किया है। दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।***

### क्या है पूरा मामला?

दिल्ली की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम और बदमाशों के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को घेर लिया, जिसके बाद दोनों तरफ से फायरिंग हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लगी। घायल हालत में दोनों आरोपियों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी आपराधिक मामलों में शामिल बताए जा रहे हैं। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

### हालही में यूपी के इनामी बदमाश का दिल्ली में हुआ था हाफ एनकाउंटर..

अप्रैल 2026 में यूपी के इनामी बदमाश का दिल्ली में हाफ एनकाउंटर हुआ था। बदमाश के पैर में गोली मारी गई थी और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। बदमाश की पहचान मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई थी। उस पर यूपी पुलिस ने 15 हजार का इनाम रखा था।

एनकाउंटर दक्षिण पूर्वी दिल्ली के अमर कॉलोनी के पास हुआ था। ये वो बदमाश था, जिसके खिलाफ पहले से 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से 24 अपराध दिल्ली में और 4 यूपी में दर्ज थे। इसने ज्यादातर अपराध चोरी, झपटमारी जैसे अपराधों के हैं। इसके अलावा अन्य गंभीर अपराधों में भी ये शामिल रह चुका था। गौरतलब है कि दिल्ली को अपराध मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाता है। ऐसे में कई मौकों पर अपराधी पुलिस से बचने के लिए उन पर फायरिंग करते हैं। जवाबी कार्रवाई करके पुलिस ने अब तक कई ऐसे अपराधियों को दबोचा है।

## रांची में कांस्टेबल परीक्षा में 'डिजिटल नकल' के आरोप में छह अभ्यर्थी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***झारखंड की राजधानी रांची के एक कंप्यूटर केंद्र में आयोजित एसएससी जीडी कांस्टेबल परीक्षा में कथित तौर पर 'डिजिटल' साधनों का उपयोग कर नकल करने के आरोप में***

छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद केंद्र का मालिक और कर्मचारी फरार हो गए हैं। उसने बताया कि यह घटना शनिवार को पंडरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक परीक्षा केंद्र में घटी। पुलिस अधीक्षक (रांची नगर) पारस राणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि 'रिमोट एक्सेस सिस्टम' के माध्यम से परीक्षा में अभ्यर्थियों की मदद की जा रही है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'हमें जानकारी मिली है कि कुछ ऐसी प्रणाली हैं जिनके माध्यम से उम्मीदवारों के प्रश्नों को रिमोट एक्सेस के जरिए दूर से ही हल किया जा रहा है। उम्मीदवारों की ओर से बिल्कुल भी शारीरिक गतिविधि नहीं हुई, कर्सर स्वचालित रूप से चल रहा था और प्रश्न हल हो रहे थे।' राणा ने कहा कि परीक्षा केंद्र के पर्यवेक्षक ने पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, 'केंद्र के पर्यवेक्षक ने इस घटनाक्रम के बारे में पुलिस को सूचित किया।' पुलिस अधीक्षक कहा, 'हमने संदिग्ध प्रणालियों को जब्त कर लिया और पूछताछ के लिए अभ्यर्थियों (18 से 27 वर्ष की आयु के बीच) को हिरासत में ले लिया।' राणा ने कहा कि उन्हें देहरादून और अन्य शहरों में भी इसी तरह की धोखाधड़ी की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा, 'हमने आपराधिक जांच विभाग (साइबर) सहित कई एजेंसियों से परामर्श किया और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि केंद्र के मालिक और अधीक्षक इस अपराध में शामिल थे।

घटना के बाद वे फरार हैं।' पुलिस ने बताया कि छह कंप्यूटर, सीसीटीवी के दो डीवीआर, दो फायरवॉल, दो राउटर, मास्टर कंप्यूटर का एक सीपीयू, दो सी-डीएसी बॉक्स, छह एडमिट कार्ड, पांच मोबाइल फोन और एक टैबलेट जब्त किए गए हैं। राणा ने कहा कि संदिग्ध कंप्यूटर एक मास्टर कंप्यूटर से जुड़े हुए थे जहां प्रश्नों को हल किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि छह उम्मीदवारों में से तीन बिहार के विभिन्न स्थानों से हैं, जबकि अन्य तीन झारखंड के कोडरमा, हजारीबाग और गुमला के निवासी हैं।

## इलाज न मिलने पर पत्नी को ठेले पर घर ले गया बुजुर्ग, मामले की जांच शुरू..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के बरेली जिला अस्पताल में एंबुलेंस न मिलने पर एक बुजुर्ग अपनी बीमार पत्नी को ठेले पर लादकर घर ले जाने को मजबूर हो गया।***

मामला सामने आने के बाद जिलाधिकारी ने जांच के लिए तीन सदस्यीय एक टीम गठित की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया वायरल हो गया, जिसमें घंटों इंतजार के बाद भी चिकित्सक या कर्मचारी के न आने पर बुजुर्ग ने रोते हुए कहा, 'अगर इलाज नहीं मिलता है तो घर पर ही मर जाएं।'

वीडियो में बुजुर्ग पत्नी को ठेले पर लेकर अस्पताल से निकलता हुआ दिखाई दिया। जिलाधिकारी (डीएम) अविनाश सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीएम (सिटी) सौरभ दुबे, एडीएम (वित्त व राजस्व) संतोष कुमार सिंह और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. विश्राम सिंह की तीन सदस्यीय कमेटी बनाई तथा कमेटी को तीन दिन में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया।

डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मरीज को बिना पर्याप्त सुविधा के रेफर करने वाले चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अविनाश सिंह ने बताया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और अस्पताल में संवेदनहीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री योगी ने फिल्म 'कृष्णावतार' को टैक्स फ्री करने की घोषणा की..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को फिल्म 'कृष्णावतार' देखने के बाद इसे राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।***

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्रीगण, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बयान के अनुसार, फिल्म दिखाए जाने के दौरान पूरा सभागार 'कृष्णा-कृष्णा, राधे-राधे' के जयघोष से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने मंच पर फिल्म से जुड़े कलाकारों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार के बाद सभी मंत्री एक साथ इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागी बने, जो नए मंत्रियों के स्वागत का यादगार क्षण रहा। योगी ने कहा कि यह फिल्म भगवान श्रीकृष्ण के जीवन को मानवीय दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है और इसमें द्वापर युग, सनातन संस्कृति एवं भारतीय परंपराओं को भव्यता से दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने सूचना विभाग को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग कराई जाए ताकि युवा और बच्चे अपनी संस्कृति व विरासत से जुड़ सकें। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा, 'हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को लेकर ऐसी फिल्में बनानी चाहिए। उन्होंने नए मंत्रियों को शुभकामनाएं भी दीं।'

फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज हुई है। फिल्म का निर्देशन हार्दिक गज्जर ने किया है और सिद्धार्थ गुप्ता, संस्कृति, सुष्मिता भट्ट व निवासिनी कृष्णन मुख्य भूमिकाओं में हैं। अभिनेता जैकी श्रॉफ और आशुतोष राणा जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में अहम भूमिकाएं निभाई हैं।






9284744867
9112026507
7006748047
मराठा स्पोर्ट्स
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुल मराटोली, गोंदिया

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353

# बेलारगोंदी क्षेत्र में अतिवृष्टि से फसलों का भारी नुकसान..

## विधायक संजय पुराम ने खेतों की मेड़ पर जाकर किया निरीक्षण..

### प्रशासन को तत्काल पंचनामा कर मुआवजा देने के निर्देश..



जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी तहसील के बेलारगोंदी क्षेत्र में शुक्रवार और शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश (अतिवृष्टि) के कारण फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है,***

जिससे किसान गहरे आर्थिक संकट में फंस गया है। इस प्राकृतिक आपदा का संज्ञान लेते हुए आमगांव-देवरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय पुराम ने स्वयं खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित किसानों से संवाद कर उन्हें ढांढस बंधाया। विधायक पुराम ने इस दौरान बेलारगोंदी के किसान पदर सिताराम गवळ (शेडेपार) और उत्तम आनंदराव लांजेवार के खेतों का प्रत्यक्ष दौरा किया। बारिश के प्रकोप से खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गई हैं और खेतों की उपजाऊ मिट्टी भी बह गई है। हाथ में आई फसल बर्बाद होने से किसान वर्ग पूरी तरह बेहाल और चिंतित है। प्रशासन को सख्त निर्देश निरीक्षण के दौरान विधायक संजय पुराम ने उपस्थित राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को खेतों में उतरकर तत्काल वस्तुनिष्ठ पंचनामा (सर्वे) करने के आदेश दिए।

### बोले विधायक संजय पुराम..

कोई भी प्रभावित किसान मदद से वंचित नहीं रहना चाहिए। नुकसान की रिपोर्ट तुरंत सरकार को सौंपें ताकि किसानों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता मिल सके।

'किसान देश की रीढ़ है। प्रकृति की मार के कारण आज वह संकट में है, और ऐसी कठिन परिस्थिति में हम उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। सरकार को इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेकर किसानों को न्याय देना चाहिए और एक विशेष पैकेज घोषित करना चाहिए, यह हमारी दृढ़ मांग है।

किसानों में जगी उम्मीद विधायक द्वारा स्वयं खेत की मेड़ तक आकर सुध लेने से किसानों ने संतोष व्यक्त किया है। इस अवसर पर क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। विधायक पुराम ने आश्वासन दिया कि वे इस नुकसान का मुद्दा शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाएंगे और जल्द से जल्द सहायता राशि दिलवाएंगे।

# देवरी में 'सिंगल पिलर' फ्लाईओवर के लिए जन आक्रोश, 7 और 8 तारीख को हुई निर्णायक बैठक

### विधायक संजय पुराम सहित सर्वदलीय पदाधिकारियों की उपस्थिति; आंदोलन की चेतावनी..





जगप्रेरणा देवरी।

***राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 पर देवरी शहर से गुजरने वाले प्रस्तावित फ्लाईओवर (उड्डाणपुल) के निर्माण को लेकर अब देवरी के निवासी काफी आक्रामक हो गए हैं।***

लाखनी और साकोली शहरों की तर्ज पर देवरी में भी 'सिंगल पिलर' (एकेरी स्तंभ) वाला पुल बनाया जाए, इस मांग के लिए 7 और 8 तारीख को स्थानीय अग्रसेन भवन में एक भव्य बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में देवरी के विकास और व्यापारियों के हित के लिए 'सिंगल पिलर' पुल ही चाहिए, ऐसा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

### ग्रामीणों की चिंता..

वर्तमान प्रस्तावित नक्शे (प्लान) के कारण शहर के दो हिस्सों में बंटने का डर व्यक्त किया जा रहा है। यदि सामान्य पद्धति का दीवार वाला **(Wall type)** पुल बनाया गया, तो उसके नीचे की जगह का उपयोग नहीं किया जा सकेगा और शहर का बाजार पूरी तरह से तबाह हो जाएगा। इसके विपरीत, लाखनी और साकोली में जिस तरह आकर्षक और कम जगह घेरने वाले सिंगल पिलर पुल बनाए गए हैं, वैसा ही पुल यदि देवरी में बनता है, तो पुल के नीचे का रास्ता खुला रहेगा और यातायात की समस्या भी हल होगी, ऐसी भावना नागरिकों ने व्यक्त की।

### सर्वदलीय समर्थन..

इस महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र के विधायक संजय पुराम ने उपस्थित रहकर जनता की मांग को अपना पूर्ण समर्थन दिया। उनके साथ ही भाजपा के वीरेंद्र अंजनकर, नगर अध्यक्ष संजू उईके, उपाध्यक्ष प्रज्ञाताई सांगिडवार, सभी पार्षद, कांग्रेस पदाधिकारी संदीप भाटिया, परमजीत सिंह भाटिया, एडवोकेट प्रशांत संगीडवार, प्रमोद संगीडवार, राष्ट्रवादी कांग्रेस के तहसील अध्यक्ष गोपाल तिवारी, दीपक अग्रवाल, प्रीतम सिंह भाटिया, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे व्यवसाय करने वाले सभी दुकानदार और बड़ी संख्या में देवरी निवासी उपस्थित थे। विशेष बात यह है कि राजनीतिक मतभेदों को दरकिनार कर सभी दलों के नेता इस मुद्दे पर एक साथ आए हैं। 7 और 8 तारीख को लगातार दो दिन अग्रसेन भवन में हुई बैठक में पुल के तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई। सभी ने सिंगल कॉलम पुल की मांग करते हुए एकजुट होकर लड़ने का आश्वासन दिया।

### प्रशासन को चेतावनी..

यदि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण **(NHAI)** ने जनता की मांग की अनदेखी की और तहसील कार्यालय से धुकेश्वरी मंदिर द्वार तक लाखनी-साकोली की तरह सिंगल कॉलम पुल का निर्माण नहीं किया, तो तीव्र आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी गई है।

### सिंगल पिलर के लाभ..

शहर दो भागों में विभाजित नहीं होगा। वाहनों की पार्किंग और आवाजाही में सुविधा होगी। शहर का सौंदर्यीकरण किया जा सकेगा।

### उपस्थित लोंगों का कहना..

'देवरी के भविष्य और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए सिंगल पिलर पुल अनिवार्य है। साकोली-लाखनी के लिए एक न्याय और देवरी के लिए दूसरा, ऐसा भेदभाव हम सहन नहीं करेंगे। यह लोकभावना हम सरकार तक पूरी ताकत से पहुँचाएंगे।'

देवरीवासियों के इस आक्रामक रुख के कारण अब प्रशासनिक स्तर पर क्या हलचल होती है और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इस पर क्या निर्णय लेते हैं, इस ओर सभी का ध्यान लगा है। यदि आने वाले समय में यह समस्या हल नहीं हुई, तो 'देवरी बंद' या 'रास्ता रोको' जैसे आंदोलनों की संभावना जताई जा रही है।

# सालकेसा पुलिस स्टेशन में 3 दिन का 'हार्टफुलनेस' मेडिटेशन कैंप पूरा हुआ..

### 6 मई से 8 मई के बीच हुई ट्रेनिंग..





जगप्रेरणा सालकेसा।

***गोंदिया डिस्ट्रिक्ट पुलिस फोर्स ने 6 से 8 मई, 2026 तक सालकेसा पुलिस स्टेशन में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की मेंटल हेल्थ के लिए तीन दिन का 'हार्टफुलनेस' मेडिटेशन सेशन***

ऑर्गनाइज़ किया था। यह सेशन बहुत सफल रहा। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के अनुभवी ट्रेनर अजय नशीने, बाबाभाई पटेल, यतिन राठौड़ और अमीश चौहान ने इस तीन दिन के कैंप में मौजूद लोगों को गाइड किया। पुलिस फोर्स की स्ट्रेस भरी ज़िंदगी में मेंटल शांति और फिजिकल फिटनेस कैसे बनाए रखें, इस पर डिटेल में ट्रेनिंग दी गई।

### पुलिस इंस्पेक्टर भूषण बुराडे की मौजूदगी..

इस पहल की अहमियत बताते हुए, सालकेसा पुलिस इंस्पेक्टर भूषण बुराडे ने कहा, 'पुलिस कर्मियों को लगातार स्ट्रेस में काम करना पड़ता है। 6 से 8 मई के बीच हुई तीन दिन की ट्रेनिंग से कर्मियों को मेंटल बूस्ट मिला है और इससे निश्चित रूप से उनकी एफिशिएंसी बढ़ेगी। उन्होंने ट्रेनर को उनकी बिना स्वार्थ की सेवा के लिए धन्यवाद दिया।

### सेशन की खास बातें:

**स्ट्रेस कम करने की प्रैक्टिस:** 6 मई को शुरू हुए इस सेशन में, पहले दिन 'रिलैक्सेशन', दूसरे दिन 'क्लीनिंग' और तीसरे दिन 'मेडिटेशन' की अहमियत पर बात हुई।

**पॉजिटिव बदलाव:** ट्रेनर्स ने पुलिसवालों को दिल से जुड़ने और गुस्से पर कंट्रोल करने की टेक्नीक सिखाई।

**जोश से 'हिस्सा':** सालेकसा पुलिस स्टेशन के सभी कर्मचारियों ने इस कैंप में जोश के साथ हिस्सा लिया और मेडिटेशन के तरीके का अनुभव किया।

8 मई को सेशन के आखिर में, सभी पुलिसवालों ने अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में इस मेडिटेशन के तरीके को इस्तेमाल करने का फैसला किया।

## पत्रकार प्रतिनिधियों को दरकिनार कर ग्राम पंचायत मूल्यांकन?

# आमगांव पंचायत समिति में समिति गठन पर उठे सवाल, शासन आदेश की अवहेलना का आरोप..



जगप्रेरणा आमगांव।

***राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायतों का तालुका, जिला, विभाग एवं राज्य स्तर पर मूल्यांकन कर उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों को पुरस्कार देने***

हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शासन आदेश के अनुसार तालुका एवं जिला स्तरीय मूल्यांकन समितियों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पत्रकार प्रतिनिधियों को भी सदस्य के रूप में शामिल करना अनिवार्य किया गया था। किंतु गोंदिया जिले के आमगांव पंचायत समिति क्षेत्र में इस आदेश का पालन नहीं किए जाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं।

शासन निर्णय में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि तालुका स्तरीय मूल्यांकन समिति में 'तालुका स्तर पत्रकार संघ द्वारा चयनित एक प्रतिनिधि' को सदस्य बनाया जाएगा। इसके बावजूद आमगांव पंचायत समिति के खंड विकास अधिकारी एन. बी. गुट्टावार द्वारा पत्रकार प्रतिनिधियों को दरकिनार कर समिति गठित किए जाने का आरोप पत्रकारों एवं नागरिकों द्वारा लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशों के बाद जिला परिषद एवं पंचायत समिति स्तर पर समितियों का गठन कर ग्राम पंचायतों के निरीक्षण, मूल्यांकन एवं समन्वय की प्रक्रिया संचालित की जानी थी। पत्रकार प्रतिनिधियों को समिति में शामिल करने का उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना तथा किसी प्रकार की पक्षपातपूर्ण या सिफारिश आधारित प्रक्रिया को रोकना था। लेकिन आमगांव पंचायत समिति में पत्रकार प्रतिनिधियों को शामिल नहीं किए जाने से पूरी प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बताया जा रहा है कि पत्रकार प्रतिनिधियों को शामिल किए बिना विभिन्न ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन भी किया गया। ऐसे में यह मूल्यांकन किस समिति द्वारा किया गया, पत्रकारों के स्थान पर किसे प्रतिनिधित्व दिया गया तथा क्या उक्त समिति को विधिवत मंजूरी प्राप्त थी, जैसे कई गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं।

पत्रकार संगठनों एवं नागरिकों ने इस मामले में तीव्र नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि जब शासन आदेश स्पष्ट था, तब पत्रकार प्रतिनिधियों को समिति से बाहर क्यों रखा गया? क्या नियमों को दरकिनार कर गठित समिति को वैध माना जा सकता है? साथ ही यह आशंका भी व्यक्त की जा रही है कि कहीं मूल्यांकन प्रक्रिया में संगनमत या सिफारिश के आधार पर कार्य तो नहीं हुआ।

इस मामले को लेकर जिला परिषद गोंदिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिलाधिकारी एवं जिला परिषद पदाधिकारियों से जांच की मांग की जा रही है। नागरिकों एवं पत्रकार प्रतिनिधियों का कहना है कि यदि शासन आदेश की अवहेलना हुई है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की जानी चाहिए।

पूरे प्रकरण ने 'मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायत राज अभियान' के अंतर्गत होने वाली मूल्यांकन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

## शादी समारोह मे गये युवक की मोटरसायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/5/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान रावणवाडी के फर्यादी डिगमलाल धाडुलाल बसेने उम्र 48 वर्ष निवासी रतनारा का छोटा भाई क्रिष्णकुमार चाडुलाल बसेने रावणवाडी शादी समारोह मे गये थे। उन्होंने अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए क्यु 2196 किमत 50 हजार की रावणवाडी बाजार चौक मे रखी शादी समारोह प्रश्चात वापस आने के लिये गाडी के पास गये तो गाडी वहा नही थी। किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 255/2026 धारा 303,2, भा न्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा चौधरी 87 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

## मोटरसायकल स्लिप होकर गिरे युवक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/5/2026 के सुबह काचेवानी बरबसपुरा रोड पर अजय राजेन्द्रनाथ तिवारी उम्र 44 वर्ष अपनी मोटरसायकल हिरो एच एफडिलक्स क्रमांक एम एच 35 बी बी 4890 गाडी से गोंदिया मार्ग से तुमसर जा रहे थे। बरबसपुरा रोड पर गाडी स्लिप होकर गिरे और रोड के बाजु के झाड से टकराये गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी रिना अजय तिवारी उम्र 33 वर्ष निवासी आंबाटोली फुलचुर सुर्यामंदीर गोंदिया के बयान पर पोस्टे तिरोडा मे अकस्मात मौत क्रमांक 12/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच सपोनी कवडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### मोटरसायकल की चपेट मे आने से बच्ची जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के 10 बजे के दरम्यान सुपलीपार मे फर्यादी प्रदिप हरिचंद शिवणकर उम्र 29 वर्ष की भतीजी अवनी शिवणकर उम्र 8 वर्ष अपने घर जा रही थी। उसी समय अज्ञात मोटरसायकल चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर बच्ची को ठोस मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 336/2026 धारा 281,125, ए,125, बी, बी एन एस 2023 सहकलम 134,184, मोवाका के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा 1606 चौधरी पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### टिप्पर चालक मे गाव का प्रवेशद्वार तोड़कर किया नुकसान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत अपघात और नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 9/ 5/ 2026 के सुबह 7 बजे के दरम्यान ग्राम जवरी मे टिप्पर चालक दिनेश देवलाल बारसे उम्र 35 वर्ष निवासी सोनारटोला ने अपना टिप्पर क्रमांक सीजी 22 यु 5236 लापरवाही से चलाकर जवरी गाव के प्रवेशद्वार को जोरदार टक्कर मारी प्रवेशद्वार टुटने से कुल 2 लाख 50 हजार रुपये का नुकसान करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगांव मे टिप्पर चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 337/2026 धारा 281,324, बी, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा 02 गजपुरे पोस्टे आमगाव कर रहे है।

# भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत: स्टेशनों पर यात्रियों हेतु निःशुल्क छाछ एवं शीतल शरबत वितरण..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह के नेतृत्व में यात्रियों की सुविधा एवं जनसेवा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर निःशुल्क छाछ एवं शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।***

जिसके तहत दिनांक 09 मई 2026 को गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-03 पर श्रीमती कुमुद सहारे, क्लस्टर हेड, जिला परिषद गोंदिया के सौजन्य से लगभग 400 से 500 आम यात्रियों एवं विशेष रूप से सामान्य श्रेणी (जनरल कोच) में यात्रा करने वाले यात्रियों को निःशुल्क छाछ वितरित की गई। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत प्रदान करने हेतु आयोजित इस कार्यक्रम को यात्रियों द्वारा काफी सराहा गया। इसी क्रम में भंडारा रोड स्टेशन पर गाड़ी संख्या 18030 के लगभग 90 से 100 यात्रियों को प्रकाश नारद पार्किंग, भंडारा समूह द्वारा निःशुल्क छाछ वितरित की गई। वहीं सावनेर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 58820 के लगभग 35 यात्रियों को जेएमडी ट्रेवल्स, सावनेर समूह के माध्यम से निशुल्क छाछ वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-06 पर किंग कोबरा सोशल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा गाड़ी संख्या 11755 के लगभग 400 यात्रियों को निःशुल्क शरबत वितरित किया गया। गर्मी के मौसम में यात्रियों को ठंडक एवं राहत प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस सेवा कार्य को यात्रियों द्वारा अत्यंत सराहा गया।

कार्यक्रमों के दौरान प्लेटफॉर्म पर उपस्थित यात्रियों एवं सामान्य कोच के यात्रियों को प्राथमिकता के साथ पेय पदार्थ उपलब्ध कराए गए। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा किए गए इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

नागपुर मंडल द्वारा समय-समय पर यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। गर्मी के मौसम में यात्रियों को राहत पहुंचाने हेतु इस प्रकार के सेवा कार्य विशेष रूप से उपयोगी एवं सराहनीय साबित हो रहे हैं। रेल प्रशासन ने इस सामाजिक एवं जनसेवा कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी संगठनों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## एक के बाद वन्य प्राणी बाघ के हमले जारी, अब गोंदिया जिले में 65 वर्षीय महिला मौत..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में विगत कुछ दिनों और महीनों से लगातार वन्य प्राणी बाघ के हमले से मौत और घायल होने के मामले सामने आ रहे हैं। विशेष रुप से 2 दिन में अलग-अलग क्षेत्र में निरंतर महिलाओं पर बाघ के हमले के घटनाक्रम घटित हुए हैं, जिसमें 9 मई को बोंडगांव/***

सुरबन में सुबह 9 बजे तेंदूपत्ता संकलन के लिए गई महिला पर बाघ ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसी घटना के दूसरे दिन फिर अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले बुढ़ा जंगल परिसर में 10 मई की सुबह तेंदूपत्ता संकलन के लिए गई वृद्ध 65 वर्षीय महिला पर बाघ ने हमला कर दिया। इस हमले में महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के गोठणगांव वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोरटोला गांव निवासी वृद्ध महिला कौशल्या हरिदास रहाटे उम्र 65 वर्ष अपनी बहु के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान जंगल में छिपकर बैठे बाघ ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में मौके पर ही वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के निधन के उपरांत उसके शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। गौरतलब है कि वन्य प्राणी बाघ के हमले की निरंतर घटना घटित होने से वन विभाग के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व बाघ के हमले से एक छह वर्षीय बालक की भी मौत हो गई थी।

### वन विभाग ने की मृतक के परिवार की आर्थिक मदद..

गौरतलब है कि तेंदुपत्ता संकलन के लिये लगी महिला पर जानलेवा हमले के बाद उसकी मौत की जानकारी मिलने पर वन अधिकारियों ने मृतिका के परिवार से संपर्क किया, और उसे 50 हजार रुपये की त्वरित सहायता प्रदान की गई। वन विभाग की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के बाद वन विभाग ने संबंधित क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर न जाने और सतर्क रहने की सख्त हिदायत भी दी है। वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को सरकारी नियमानुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

## सांसद प्रफुल पटेल के नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए अनेक कार्यकर्ताओं ने किया राष्ट्रवादी कांग्रेस में प्रवेश..

### पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन की उपस्थिति मे कार्यकर्ताओ ने ली संगठन की सदस्यता..



जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया स्थित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आज अनेक युवाओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में आधिकारिक रूप से प्रवेश किया। कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रफुल पटेल की विकासोन्मुख नीतियों पर विश्वास जताते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करने वाले राहुल ठाकुर, पंकज यादव, सुशील बागड़े, तेजेश्वर वरकड़े, ललित मेश्राम, निलेश वरकड़े, हर्ष राउत, शैलेश पर्दे, दर्पण गजभिए, अनिल गराड़े, सतीश राउत, निशाल कोसरे, शैलेश वरठे, तेजस सोनवाने, पंकज नेवारे, सोनू मेश्राम, दीपक तिवड़े, अजीत गजभिए, सतीश राहंगडाले, मोहन दमाहे, आशीष मेश्राम, निखिल गजभिए, प्रणय बागड़े, प्रथमेश चौहान, सूर्या डोंगरे, उदय पांडे, अंश चौहान, लोकेश रंगारी, प्रशाल झारिया, कमलेश खैरवार, विशाल पटले, अश्विन, दिनेश राउत, शाइन राउत, युवराज टेंभुर्णिकर, गौरव डोंगरे, नवजोत कुंभरे, प्रतीक बागड़े, किशन दीप, सोभी दुबे, निशान दीप, कुशल दीप और आयुष यादव सहित अनेक कार्यकर्ताओं को पार्टी में शामिल कराया। कार्यक्रम में नगर सेवक लोकेश (कल्लू) यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पार्टी में नए शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं का पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया तथा उनके आगामी राजनीतिक और सामाजिक जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

## जिले से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार होकर नाम रोशन करें.

### गोंदिया जिला क्रीड़ा अधिकारी भोजराज चौधरी का आह्वान..



जगप्रेरणा गोंदिया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय गोंदिया, गोंदिया जिला तायक्वांडो एसोसिएशन और डीजीएम तायक्वांडो स्पोर्ट्स अकादमी गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन तायक्वांडो क्रीड़ा प्रशिक्षण शिविर 2025-26 का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था फुलचुरपेठ, गोंदिया में दिनांक 26 अप्रैल से 05 मई 2026 तक किया गया था। इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए दिनांक 08 मई 2026 को प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी भोजराज चौधरी, अतिथि के रूप में महाराष्ट्र शासन द्वारा गुणवंत क्रीड़ा मार्गदर्शक पुरस्कार विजेता तथा जिला सचिव, गोंदिया जिला तायक्वांडो एसोसिएशन दुलीचंद मेश्राम, परंपरागत युवा क्रीड़ा व खेल संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय बिरणवार आदि मान्यवर प्रमाणपत्र वितरण समारोह के अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला क्रीड़ा अधिकारी भोजराज चौधरी ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार ने खेलों के लिए विभिन्न प्रकार की क्रीड़ा सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, इसका लाभ खिलाड़ियों को उठाना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह आह्वान भी किया कि गोंदिया जिले से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार हों और जिले का नाम रोशन करें। उपस्थित सभी अतिथियों ने भी मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण शिविर में कम से कम 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रास्ताविक जिला सचिव दुलीचंद मेश्राम ने किया, संचालन प्रशिक्षक कुसुम पटले ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कुंजन डोये ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरगम वाघाडे, आदिती ब्रह्मपुरे, हिमांशू नाईक, पूर्वान्स राऊत, राहुल खोब्रागडे आदि ने सहयोग किया।

## विदर्भ आंदोलन में सक्रिय रही रंजनाताई मामर्डे को गोंदिया के विदर्भवादीयो ने दी श्रद्धांजलि..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***स्वतंत्र विदर्भ राज्य आंदोलन में अपने संघर्ष, जिद और मजबूत नेतृत्व से अलग पहचान बनाने वाली विदर्भ वीरांगना तथा विदर्भ राज्य आंदोलन समिति महिला आघाड़ी की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती रंजनाताई मामर्डे का दुखद निधन हो गया, जिसके उपरांत उनकी***

स्मृति में गोंदिया में भावपूर्ण शोकसभा आयोजित की गई। स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विदर्भ राज्य आंदोलन समिति के वरिष्ठ नेता छैलबिहारी अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने रंजनाताई के संघर्षमय जीवन और आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान को याद किया।

### बोले छैलबिहारी अग्रवाल..

इस अवसर पर छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि विदर्भ राज्य निर्माण के लिये रंजनाताई ने जीवनभर निस्वार्थ भाव से संघर्ष किया। महिलाओं को आंदोलन से जोड़ने से लेकर गांव-गांव तक विदर्भ की आवाज पहुंचाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। रंजनाताई के निधन से विदर्भ आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने जिस समर्पण और निष्ठा से आंदोलन को मजबूत किया, उनके अधूरे सपनों को पूरा करना अब हम सबकी जिम्मेदारी है। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गईं। शोकसभा में छैलबिहारी अग्रवाल, अतुल सतदेवे, वसंत गवली, भोजराज ठाकरे, सी.पी. बिसेन, यशवंत रामटेके, दिलीप गौतम, अरुण बन्नाटे, दीपक उईके सहित महिला आघाड़ी की राखी भारद्वाज, रुपाली उईके, कुंदा चंद्रिकापूरे, जया कुमार, वंदना तुरकर, देवकी बघेल, दीपा काशीकर, सोनू पारधी, विजया ओझा, सुधा दुबे, माया जांभुळकर आदिने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि 06 मई 2026 को ह्रदयाघात से रंजनाताई मामर्डे का दुखद निधन हो गया था। उनके परिवार द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान कर समाज के प्रति एक प्रेरणादायी संदेश दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में संपूर्ण विदर्भ से जनसैलाब उमड़ पड़ा था।

गोंदिया जिले से जिला समन्वयक अतुल सतदेवे, शहर समन्वयक वसंत गवली तथा युवा आघाड़ी अध्यक्ष अरुण बनाटे ने विदर्भ की इस वीरांगना को अंतिम विदाई दी।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com